राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 07 अंक : 12 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 19-25 फरवरी 2024 Website : faridabadkiawaz.com मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8



## देश की आवाज़

# हैट्रिक बनाएंगे, रिकॉर्ड तोड़ेंगे, भाजपा को 370 पार ले जाएंगे : जेपी नड्डा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता उत्साहित और प्रफुल्लित हैं तथा लोकसभा चुनाव में उनकी चेतना भाजपा को 370 एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 के पार ले जाएगी।

श्री नड्डा ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, वयोवृद्ध नेता मुरली मनोहर जोशी, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में देश भर से आए करीब 12 हजार कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री नड्डा ने पार्टी का ध्वजारोहण करके अधिवेशन का शुभारंभ किया।

श्री नड्डा ने कहा, ÷हम पीछे भी जीते थे और आगे भी जीतेंगे। हम उत्साहित हैं, हम प्रफुल्लित हैं। हमारी यह चेतना अवश्य ही 370 पार कराएगी। राजग को भी 400 के पार ले जाना है। हर बूथ पर पूरी ताकत से जुट जाना है। हमे ना केवल हैट्रिक लगानी है बल्कि रिकॉर्ड भी तोड़ने हैं।÷

भाजपा अध्यक्ष ने कहा,÷ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने साढ़े आठ लाख बूथों पर पहुंच बनायी है और हम जल्दी ही 10 लाख बूथों पर पहुंचेंगे।÷

श्री नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा संघर्ष और फिर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा,÷वर्ष 2014 के पहले हम पांच या छह राज्यों में सत्ता में थे और 17.5 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते थे। आज हम 17 राज्यों में सरकार चला रहे हैं और 58 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये सब मोदी की गारंटी से संभव हुआ है। अकेली भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसने जो 1951 में कहा वही आज भी कहा और करके दिखाया।÷

श्री नड्डा ने जनसंघ के वक्त से उनके नारे एक देश, एक विधान, एक प्रधान का भी जिक्र किया। कहा पहले कि श्री मोदी ने लाल चौक पर नारे लगाए थे और फिर




धारा-370 को धराशाही कर दिया। उन्होंने कहा, ÷हमने राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे के भी नारे लगाए। कुछ लोगों ने उपहास उड़ाया कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तिथि नहीं बताएंगे। हमने तब कहा हम तिथि भी बताएंगे और आप आएंगे। पर आप आए नहीं, ये आपके कर्म थे। राममंदिर का शिलान्यास हुआ और फिर प्राणप्रतिष्ठा भी हुई।÷

श्री नड्डा ने कहा,÷ हम ऐसे माहौल में यहां आए हैं जहां हमें पीछे भी जीत दिखी है और आगे भी जीत दिख रही है। हमने संघर्ष का काल देखा, जब हमारी उपेक्षा की जा रही थी। हमने वह काल भी देखा जब हम जमानत बचाने के लिए संघर्ष करते थे। हमने इमरजेंसी देखी। हमने जीतने-हारने की प्रक्रिया भी देखी। लेकिन हमें खुशी है कि पिछला दशक प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में उपलब्धियों भरा है।÷

भाजपा अध्यक्ष ने कहा,÷ वर्ष 2009 में हमें 18.8 प्रतिशत का समर्थन मिला था वहीं पार्टी का समर्थन 2014 में 31.3 प्रतिशत तक पहुंचा। वर्ष 2019 में हमने अपना रिकॉर्ड तोड़ा, 282 से 303 सीटें आई वहीं वोट शेयर 37 प्रतिशत पहुंचा। वर्ष 2014 से पहले हमारी सिर्फ पांच प्रदेशों मे सरकारें थी। लंबे वक्त तक हम पांच-छह में रूके थे। आज राजग की 17 प्रदेशों में और 12 प्रदेशों में विशुद्ध भाजपा की सरकार है। स्थानीय निकायों के चुनाव में हमने 9836 सीटें जीती। 186 स्थानों पर नगर निगम में भाजपा के मेयर बने।÷

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ÷मैं जीत की बात में पश्चिम बंगाल भी जोड़ना चाहता हूं। हम वहां विधानसभा में तीन सीटें जीते थे, फिर हम 77 सीटें जीतकर आए। अब अगली बारी के लिए तैयार हो जाइए, वो बारी हमारी है। गुजरात में 1997 से लगातार सरकार में रहने का भी जिक्र किया। 2014 से पहले जब मैं हरियाणा में जाकर कहता था कि भाजपा सरकार बनाएगी तब वहां लोग हमारा मजाक बनाते थे लेकिन हमने वहां लगातार दो बार सरकार बनाई।÷ उन्होंने असम से लेकर उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश से लेकर मणिपुर, त्रिपुरा से लेकर छत्तीसगढ़, तेलंगाना सब चुनावों का जिक्र किया।

श्री नड्डा ने कहा,÷ ये सब मोदी की गारंटी से संभव हुआ है। उन्होंने मध्य प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि 'मोदी के मन में एमपी है, एमपी के मन में मोदी है', ये लोगों को छू गया। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी सहित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पी वी नरसिंह राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का और उनके कामों का जिक्र किया जिन्हें भारत रत्न से नवाजा गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया।

## सम्पादकीय

### एमएसपी की गारंटी नहीं

देश की राजधानी दिल्ली में 12 मार्च तक धारा 144 लागू कर दी गई है। हरियाणा के करीब 15 जिलों में भी निषेधाज्ञा की स्थिति है। जाहिर है कि हालात सामान्य नहीं हैं। एक बार फिर किसान संगठनों ने लामबंद होकर 'दिल्ली कूच' का आह्वान किया है। भारतीय किसान यूनियन (राकेश टिकैत समूह) ने 16 फरवरी को 'भारत बंद' का आह्वान किया है। किसानों ने अपने आंदोलन के लिए संवेदनशील समय चुना है। देश में आम चुनाव की गतिविधियां आरंभ हो गई हैं। ऐसे मौके पर अपनी मांगों को लेकर भारत सरकार को झुकने पर बाध्य किया जा सकता है। राजधानी में एक माह तक लगातार धारा 144 लागू करने की स्थिति देशहित में नहीं है। दिल्ली के तीन बॉर्डर पर किलेबंदी भी की गई है। सड़क पर लोहे की कीलें गाडना, कंटीली तारें, लोहे और सीमेंट के विशालकाय अवरोधक, भारी कंटेनर और डंपर लगाकर रास्ते रोकने के दृश्य बीते किसान आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं। हरियाणा के कई जिलों में तो मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस की सेवाओं पर पाबंदियां चस्पां कर दी गई हैं। दिल्ली बॉर्डर और पंजाब-हरियाणा में सुरक्षा बलों और पुलिस के हजारों जवान तैनात किए गए हैं, मानो यह कोई भारत-पाकिस्तान सीमा हो और युद्ध के आसार हों! भारत सरकार और किसानों के बीच मतभेद और विवादास्पद समस्याएं सनातन रही हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय की किसान नेताओं के संग बैठक और बातचीत बेनतीजा रही हैं, लेकिन बिजली कानून, 2020 को रद्द करने, लखीमपुर के किसानों को मुआवजा, पिछले आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, किसानों पर दर्ज आपराधिक मामलों की वापसी आदि मुद्दों पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन बुनियादी गतिरोध न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के गारंटी कानून पर है। जब करीब दो साल पहले किसान आंदोलन समाप्त किया गया था, तब खुद प्रधानमंत्री मोदी ने इन मांगों को लेकर किसानों को आश्वस्त किया था। सवाल है कि सरकार एमएसपी पर अपनी नीति को स्पष्ट क्यों नहीं करती? यदि एमएसपी गारंटी कानून व्यावहारिक, संभव नहीं है, तो सरकार किसानों को अपना फैसला क्यों नहीं बताती? क्या आम चुनाव के मद्देनजर यह जोखिम नहीं उठाया जा सकता? वैसे भारत सरकार सिर्फ 23 फसलों पर ही एमएसपी की घोषणा करती है। उनमें भी गेहूं और धान की फसलों की खरीद ही एमएसपी पर होती है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए सरकार को इन फसलों की व्यापक खरीद करनी पड़ती है। सरकार जिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटती है, उसके लिए भी थोक में बंदोबस्त करना अनिवार्य है। इसके बावजूद करीब 12-14 फीसदी किसानों को ही खरीद का लाभ मिल पाता है। शेष 85 फीसदी से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं।



दिनेश शर्मा

# कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलें, दिल्ली जाने की खबर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ और उनके सांसद पुत्र नकुलनाथ के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलों के बीच आज श्री कमलनाथ के दिल्ली जाने की खबर सामने आई है।

श्री कमलनाथ के दिल्ली प्रवास के चलते अब इन अटकलों को और बल मिल गया है।

सूत्रों के अनुसार श्री कमलनाथ अपने पुत्र श्री नकुलनाथ के साथ पिछले कुछ दिन से छिंदवाड़ा में थे। इसी बीच आज वे हेलीकॉप्टर से भोपाल आए। इसके बाद अब उनके विशेष विमान से अपराह्न तक दिल्ली पहुंचने का कार्यक्रम है। बताया जा रहा है कि श्री कमलनाथ, उनके पुत्र श्री नकुलनाथ अपने कई समर्थकों के साथ दिल्ली में भाजपा आलाकमान के समक्ष भाजपा अधिवेशन के बाद पार्टी की सदस्यता ले सकते हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इसी बीच प्रदेश कांग्रेस का कोई भी नेता इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। सोशल मीडिया पर भी अभी तक किसी की ओर से इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

वहीं सोशल मीडिया पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे इन खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

श्री सिंह ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि श्री कमलनाथ छिंदवाड़ा में है। उनकी (श्री सिंह की) कल



रात उनसे (श्री कमलनाथ से) बात हुई है। जिस व्यक्ति ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत नेहरू-गांधी परिवार के साथ की थी, वे उस समय उनके साथ खड़े थे, जब पूरी जनता पार्टी की सरकार इंदिरा गांधी को जेल भेज रही थी। इसी क्रम में वे संवाददाताओं से कह रहे हैं कि आप कैसे उम्मीद कर सकते है कि वे कांग्रेस और इंदिरा-सोनिया के परिवार को छोड़कर जाएंगे।

# केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए,16 मार्च को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एजेंसी के समन का पालन न करने पर ईडी द्वारा दायर एक शिकायत के संबंध में शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज शराब नीति मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की हालिया शिकायत के मामले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। मुख्यमंत्री ने कोर्ट को बताया कि विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और चालू बजट सत्र के कारण वे आज अदालत में वे शारिरिक रूप से उपस्थित नहीं हो सके। कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की पेशी के लिए 16 मार्च की तारीख तय की है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज शराब नीति मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की हालिया शिकायत के मामले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए।

केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने बताया, ...मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और बजट सत्र के कारण वे आज कोर्ट में शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हो सके। अगली सुनवाई 16 मार्च को है, उस दिन वे कोर्ट में पेश होंगे।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने 7 फरवरी को शिकायत पर संज्ञान लिया था।

न्यायाधीश ने कहा था,.उन्हें 17 फरवरी को पेश होने के लिए समन जारी किया जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी को केजरीवाल को नया समन जारी किया और उन्हें 2 फरवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा गया। यह आप संयोजक को जारी किया गया पांचवां समन था।

वित्तीय जांच एजेंसी की शिकायत में आरोप लगाया गया कि केजरीवाल जानबूझकर समन का पालन नहीं करना चाहते थे और बहाने बनाते रहे।

एजेंसी ने कहा, अगर उनके जैसे उच्च पदस्थ सार्वजनिक पदाधिकारी ने कानून की अवज्ञा की, तो यह आम आदमी के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित होगा।

इस बीच, ईडी द्वारा छठी बार तलब किए जाने के बाद केजरीवाल शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव लाए।

# झांसी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई पुलिस भर्ती परीक्षा 2024

**झांसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा 2024 शनिवार को पुलिस और प्रशासन के कड़े इंतजामों के बीच शुरू हो गयी। झांसी जिले में आज प्रथम पाली में लगभग 22 हजार अभ्यर्थी 47 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे और दो दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा में लगभग 85 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसको लेकर सभी केंद्रों पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने शुचितापूर्ण तरीके से नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर रिपोर्टिंग टाइम साढ़े नौ बजे का रहा और इसके बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश रोक दिया गया। जो छात्र परीक्षा केंद्रों में भीतर पहुंचे उनकी त्रिस्तरीय चेकिंग



इसको लेकर सभी केंद्रों पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने शुचितापूर्ण तरीके से नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर रिपोर्टिंग टाइम साढ़े नौ बजे का रहा और इसके बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश रोक दिया गया।

सुनिश्चित की गयी। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में केवल पेन ,आधार कार्ड और एडमिट कार्ड ही भीतर ले जाने की अनुमति दी गयी। पुलिसकर्मी विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पूरी मुस्तैदी से जुटे हैं सभी परीक्षाकेंद्रों को सीसीटीवी कैमरों की नजर में रखा गया है और डीएम कार्यालय से इन पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# सोनिया गांधी ने छोड़ा रायबरेली का रण, वहीं अमेठी में होगा स्मृति ईरानी का 'गृह प्रवेश'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपनी संसदीय सीट रायबरेली की रेस से औपचारिक रूप से खुद को अलग कर लिया है। वहीं अमेठी सीटल से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी वहां स्थानीय निवासी के रूप में बसने की तैयारी कर रही हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के राहुल गांधी को हराने वाली ईरानी ने गौरीगंज में अपने लिए एक घर बनवाया है। 22 फरवरी को गृह प्रवेश का आयोजन रखा गया है। सूत्रों ने कहा कि स्मृति ईरानी ने समारोह के लिए पार्टी लाइन से ऊपर उठकर स्थानीय विधायकों और एमएलसी सहित लगभग 25,000 लोगों को निमंत्रण भेजा है। मेदान मवई गांव में लगभग 15,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में बना विशाल घर सुल्तानपुर रोड स्थित स्थानीय भाजपा कार्यालय से बमुश्किल 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पिछले साल जनवरी में स्मृति ईरानी ने अपने आवास पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया था। इसे एक ऐसा समारोह बताया था जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था। उस कार्यक्रम में गायत्री प्रजापति की पत्नी और अमेठी विधायक महाराजी प्रजापति सहित विपक्षी विधायकों ने भाग लिया था।

भाजपा के अमेठी प्रवक्ता गोविंद चौहान ने कहा, ÷स्मृति ईरानी ने



22 फरवरी को गृह प्रवेश का आयोजन रखा गया है। सूत्रों ने कहा कि स्मृति ईरानी ने समारोह के लिए पार्टी लाइन से ऊपर उठकर स्थानीय विधायकों और एमएलसी सहित लगभग 25,000 लोगों को निमंत्रण भेजा है।

2014 के लोकसभा चुनाव में अमेठी के लोगों से अमेठी में घर बनाने और स्थानीय निवासी के रूप में बसने का अपना वादा पूरा किया है।÷

उस चुनाव में भले ही उन्हें हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र को नहीं छोड़ा। इसी का परिणाम है कि उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी को उनकी परंपरागत सीट पर मात दे दी। सांसद बनने के बाद स्मृति ईरानी ने एक घर किराए पर लिया था। फिलहाल यहीं पर बीजेपी का बेस कैंप भी है। आपको बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा यूपी में प्रवेश कर चुकी है। 19 फरवरी को भदोही, प्रयागराज और प्रतापगढ़ होते हुए अमेठी पहुंचने वाली है। इसके ठीक बाद 22 फरवरी को स्मृत ईरानी गृह प्रवेश का पूजा करेंगी। हालांकि, उसी दिन यानी 19 फरवरी को भाजपा के ग्राम चौपाल अभियान में हिस्सा लेने के लिए स्मृति ईरानी के अमेठी पहुंचने का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के जरिए स्थानीय जनता के वह सीधा संवाद करेंगी। भाजपा के अमेठी अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा ने कहा, हम उनके कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहे हैं। कांग्रेस ने अपने लिए घर बनवाने के स्मृति ईरानी के कदम को नौटंकी के अलावा और कुछ नहीं बताया है। यूपी कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा, वह अमेठी के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही हैं।

# मौसम उपग्रह 'इनसैट- 3डीएस' सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो ) ने एक महत्वपूर्ण मिशन के तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार का प्रक्षेपण किया और 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर दिया।

इसरो सूत्रों ने बताया कि बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर आज शाम पांच बजकर 35 मिनट पर दूसरे लॉन्च पैड से शानदार उड़ान भरी। उन्नीस मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह अपनी वांछित कक्षा में स्थापित हो गया। इनसेट-3डीएस भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम उपग्रह का मिशन है। इसे मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है।इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ



मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। इसरो के मुताबिक, जीएसलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है। इससे पहले 15 मिशनों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनमें से सिर्फ चार मिशन ही असफल हुए हैं।

इसरो के वैज्ञानिकों ने जीएसएलवी मिशन की सफलता के बाद खुशियों का इजहार करते हुए कहा,÷ शरारती लड़के से जीएसएलवी अब एक परिपक्व और अनुशासित लड़का बन गया है।÷जीएसएलवी रॉकेट को अतीत में इसके शानदार प्रदर्शन के लिए नॉटी बॉय का उपनाम दिया गया था। सूत्रों के कहा, इसरो के पूर्व अध्यक्ष ने जीएसलवी एफ 14 को शरारती लड़का करार दिया था क्योंकि यह अक्सर समस्याओं में फंसने के लिए जाना जाता है। इसकी विफलता दर 40 प्रतिशत है। अब तक के अपने कुल 15 अंतरिक्ष मिशनों में से, इसकी 40 प्रतिशत की विफलता दर है। उनमें से छह में समस्याओं का सामना करना पड़ा।

उपग्रह समुद्र की सतह का अध्ययन करके अधिक सटीक, सटीक और सूचनात्मक मौसम पूर्वानुमान प्राप्त करने में मदद करेगा और सूनामी जैसी प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम होगा।

## झज्जर में फायरिंग : पेट्रोल पंप पर कहासुनी के बीच युवक ने किए दो फायर ; एक घायल, रोहतक पीजीआई रेफर

झज्जर । झज्जर में आंबेडकर चौक पर स्थित पेट्रोल पंप पर पानी सप्लाई करने वाले व एक सुनार के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी हाथापाई और फायरिंग में तबदील हो गई। इस मामले में सुनार ने पानी सप्लाई करने वाले पर फायर कर दिया, जिसमें आसपास के लोग बाल-बाल बच गए। विवाद में आरोपी युवक ने दूसरे युवक के सिर पर बंदूक की बट से वार किया, जिससे वह घायल हो गया। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दुजाना निवासी राजेश पेट्रोल पंप पर अपनी गाड़ी खड़ी करता है। शुक्रवार दोपहर को वह अपनी गाड़ी पंप पर खड़ी करके निकलता तो दूसरी तरफ से पानी सप्लाई की गाड़ी लेकर बेरी गेट निवासी हितेंद्र आ गया। जैसे ही गाड़ी आई तो राजेश ने हितेंद्र से कहा कि गाड़ी ऊपर चढ़ाएगा क्या। इतना कहते ही दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी हाथापाई में बदल गई। आसपास के लोगों ने उनको छुड़वाया गया, लेकिन राजेश अपनी गाड़ी से बंदूक निकाल लाया और फायर कर दिए। इस दौरान राजेश ने हितेंद्र के सिर पर बंदूक के बट से वार किया। इससे वह घायल हो गया। इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पूरा मामला सीसीटीवी में हुआ कैद

यह पूरा मामला पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। इसमें सामने आया है कि दोनों के बीच लड़ाई हो रही है और फिर फायर किए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हरियाणा में ऑरेंज अलर्ट, बारिश के साथ गिरेंगे ओले

चंडीगढ़ । आज मौसम विभाग ने हरियाणा में खराब मौसम का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. प्रदेश के छह जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना है. पंचकुला, अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल और यमुनानगर को अलर्ट मोड पर रखा गया है। अन्य जिलों में भी मौसम ऐसा ही रहेगा. मौसम विभाग ने इन जिलों में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है. बादल छाए रहने के कारण रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी गई है। हरियाणा में एक बार फिर मौसम बदलेगा. मौसम विभाग के मुताबिक 18 से 19 फरवरी को बारिश के आसार हैं. चंडीगढ़ समेत 5 जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि के आसार हैं. इसके लिए विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इससे पहले एक फरवरी से पांच फरवरी तक मौसम खराब रहा था.

## शंभू सीमा पर एक बुजुर्ग किसान की हृदयाघात से मौत

अंबाला । फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून और ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर हरियाणा में अंबाला के निकट शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों में शामिल 63 वर्षीय एक बुजुर्ग किसान की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ज्ञान सिंह ने सुबह छाती में दर्द की शिकायत की जिसके बाद उन्हें पंजाब के राजपुरा में सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें पटियाला के राजेन्द्र अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बुजुर्ग किसान पंजाब के गुरुदासपुर जिले से थे और किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल होने के लिए दो दिन पहले शंभू सीमा पहुंचे थे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया है। किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें दिल्ली और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमाओं पर रोक दिया। प्रदर्शनकारी किसान तबसे सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। इस मुद्दे पर किसान नेताओं और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच तीसरे दौर की वार्ता बृहस्पतिवार देर रात बेनतीजा रही और अब दोनों पक्षों के बीच अगले दौर की बैठक 18 फरवरी को होगी।

## लालजीत सिंह भुल्लर द्वारा ओवरलोड गाड़ियों और अन्य राज्यों से ग़ैर-कानूनी ढंग से आने वाले ट्रकों के विरुद्ध सख़्त कार्यवाही के निर्देश

### -परिवहन मंत्री द्वारा ट्रक ऑपरेटरों के साथ मीटिंग, ट्रक कारोबार को प्रफुल्लित करने का भरोसा



चंडीगढ़-पंजाब के परिवहन मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने आज ऐलान किया कि ओवरलोड गाड़ियों और अन्य राज्यों से ग़ैर- कानूनी ढंग से राज्य में दाखि़ल होने वाले ट्रकों के विरुद्ध सख़्त कार्यवाही की जायेगी। अपने दफ़्तर में ट्रक ऑपरेटरों के साथ बातचीत के दौरान उनकी माँगों को ध्यान से सुनते हुए परिवहन मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को हिदायत की कि वे उल्लंघन करने वाले ट्रकों को ज़ब्त करें। उन्होंने दोहराया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के ट्रक कारोबार को प्रफुल्लित करने और इस कारोबार से जुड़ी समस्याओं के हल के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मान सरकार राज्य में रोज़गार के साधन पैदा कर रही है, इसलिए किसी भी व्यक्ति का रोज़गार बंद नहीं होने दिया जायेगा। इसके इलावा उन्होंने विभाग के ज़िला दफ़्तरों में ट्रक कारोबार से सम्बन्धित कामों में और तेज़ी लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हर काम का समय तय हो ताकि लोगों की परेशानी ना हो। स. लालजीत सिंह भुल्लर ने भरोसा दिलाया कि ट्रक ऑपरेटरों की अन्य माँगों को भी हमदर्दी से विचारा जाएगा। मीटिंग के दौरान सचिव परिवहन स. दिलराज सिंह संधावालिया, अतिरिक्त स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर श्री सुखविन्दर कुमार, डिप्टी स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर श्री मनजीत सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पैमेंट नहीं होने के कारण जिले में दूध की सप्लाई बंद, वीटा मिल्क प्लांट पर दूसरे दिन भी लगाया ताला

जींद । जींद में पैमेंट नहीं होने के कारण वीटा मिल्क प्लांट को दूध की सप्लाई देने वाले किसानों ने अपना दूध बंद कर दिया और वीटा मिल्ट प्लांट के गेट पर ताला लगाकर दूसरे दिन भी धरना दिया। इससे वीटा के उत्पादों की सप्लाई नहीं हो सकी। शहर की दुकानों पर दूध खत्म हो गया है। आज दूसरे उत्पाद क्रीम, पनीर भी खत्म हो जाएंगे। इससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वीटा मिल्क प्लांट पर दुग्ध उत्पादक किसानों की लगभग 82 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। पैमेंट नहीं मिलने पर दूध की सप्लाई देने वाले लोगों ने वीरवार को वीटा मिल्क प्लांट पर ताला जड़ दिया था, जो शुक्रवार को भी जारी रहा। किसान वीटा मिल्क प्लांट के सामने धरना दे रहे हैं। सीईओ मिल्क प्लांट द्वारा एक फरवरी से दस फरवरी तक दूध की पैमेंट करने का आश्वासन दिया था लेकिन 15 फरवरी हो गई है। किसी को कोई पैमेंट नहीं मिली है। वीटा मिल्क प्लांट में दुग्ध उत्पादक किसानों का लगभग 82 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है। पैमेंट के भुगतान को लेकर एक फरवरी को भी दुग्ध उत्पादक किसानों ने वीटा प्लांट के सामने विरोध जताया था और पैमेंट जारी करवाने की मांग की थी, तब आश्वासन मिला था कि दस फरवरी तक पैमेंट का भुगतान हो जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। इस पर दुग्ध उत्पादक किसानों ने वीटा प्लांट के सामने पहुंचे और ताला जड़ कर धरना शुरू कर दिया। शुक्रवार को भी ताला जड़ा रहा और धरना दे रहे हैं। वीटा प्लांट में प्रतिदिन लगभग ढाई लाख लीटर दुग्ध उपभोक्ताओं से खरीदा जाता है। इसकी पैमेंट बकाया है। वीटा प्लांट में दुग्ध उत्पादकों की मांग है कि उनकी पैमेंट जल्द करवाई जाए।

# सरकार और किसान नेताओं के बीच बातचीत बेनतीजा, अगली बैठक रविवार को



**चंडीगढ़ ।** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसान नेताओं और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच तीसरे दौर की वार्ता बृहस्पतिवार देर रात बेनतीजा रही और अब दोनों पक्षों के बीच अगले दौर की बैठक 18 फरवरी को होगी।

इसबीच किसानों ने पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर डटे रहने का निर्णय किया है। किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच बृहस्पतिवार रात करीब 8-45 बजे बैठक शुरू हुई और पांच घंटे तक जारी रही लेकिन इसमें दोनों पक्षों के बीच कोई सहमति नहीं बनी।

दोनों पक्षों के बीच अब चौथे दौर की वार्ता 18 फरवरी को होगी। इससे पहले आठ और 12 फरवरी को बातचीत हुई थी जो बेनतीजा रही। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार और किसान नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में बैठक हुई और सकारात्मक चर्चा हुई।

उन्होंने कहा कि अब बैठक रविवार शाम छह बजे होगी। मुंडा ने कहा, 'हम साथ बैठ कर कोई हल निकाल लेंगे।' केन्द्रीय मंत्री मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसान संघों की विभिन्न मांगों पर जारी बातचीत में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शामिल हुए।

मान ने कहा कि किसान नेताओं और मंत्रियों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा,' हर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई।'

मान ने कहा कि उन्होंने केंद्र के समक्ष संगरूर, पटियाला और फतेहगढ़ साहिब के कुछ इलाकों में इंटरनेट सेवाओं को निलंबित किए जाने और हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों द्वारा पंजाब में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़ने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने का मुद्दा उठाया।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी और कर्ज माफी के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई।

पंधेर ने कहा, 'उन्होंने (केंद्रीय मंत्रियों ने) कहा कि उन्हें समय चाहिए।' उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि सकारात्मक परिणाम निकले और किसी भी तरह की संघर्ष की स्थिति से बचा जाना चाहिए। अन्यथा दिल्ली जाने का हमारा कार्यक्रम पक्का है।' यह पूछे जाने पर कि क्या किसान पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर डटे रहेंगे, पंधेर ने कहा, 'हां'। केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक के दौरान किसान नेताओं ने विभिन्न नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट निलंबित करने पर आपत्ति जताई।

पंधेर ने कहा कि उन्होंने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों पर अर्द्धसैनिक बलों द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़े जाने का मुद्दा भी उठाया। किसान नेता ने कहा कि उन्होंने बैठक के दौरान मंत्रियों को गोले भी दिखाए।

पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें दिल्ली और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमाओं पर रोक दिया। प्रदर्शनकारी किसान सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन तथा कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय', भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं।

## अन्नदाता के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही ने मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का लोकतंत्र विरोधी किरदार नंगा किया: चेतन सिंह जौड़ामाजरा

*** जल संसाधन मंत्री द्वारा किसानों के विरुद्ध दमनकारी कार्यवाहियों की सख़्त निंदा**





**चंडीगढ़ ।** खनौरी और शंभू सरहद पर हरियाणा पुलिस द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार का सख़्त नोटिस लेते हुए पंजाब के जल संसाधन और भूमि व जल संरक्षण मंत्री स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने आज कहा कि इस कारनामे से भाजपा सरकारों की लोकतंत्र विरोधी और तानाशाही मानसिकता का घिनौना चेहरा सामने आ गया है, जो किसानों की आवाज़ को दबाने के लिए इस हद तक गिर गई है।

कैबिनेट मंत्री ने किसानों के साथ किए वायदों को पूरा करने में नाकाम रहने के लिए मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की सख़्त निंदा की। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसान भाईचारे की जायज माँगों को नजरअन्दाज करके, उल्टा बड़े उद्योगपतियों को करोड़ों रुपए की बड़ी राहतें और छूट देने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ की हड्डी हैं और केंद्र सरकार से सम्मानजनक रवैये के हकदार हैं। उन्होंने हालात बिगडने पर निराशा ज़ाहिर करते हुए कहा कि यह गलत कार्यवाहियाँ मोदी सरकार के किसानों का सामना करने से डर को जग-ज़ाहिर करती हैं।

मीडिया को जख़्मी किसानों की तस्वीरें जारी करते हुए कैबिनेट मंत्री ने किसानों के विरुद्ध आँसू गैस और पैलेट गन्स का प्रयोग, सडक़ों पर बैरीकेड लगाने और राष्ट्रीय राजधानी की किलेबंदी करने की सख़्त आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के साथ किए गए अपने वायदों को पूरा न करना और इस कद्र तनावपूर्ण स्थिति पैदा करना अफसोसजनक है।

किसानों के लिए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की सरकार के समर्थन को दोहराते हुए स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कहा कि मोदी सरकार अपने वायदे पूरे करने में असफल होने पर किसानों पर जुल्म कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह के दिशा-निर्देशों पर वह खुद और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह जख़्मी किसानों का हाल-चाल जानने के लिए अस्पताल का दौरा कर रहे हैं।

भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार पर बरसते हुए कैबिनेट मंत्री ने किसानों को उनके शांतमयी मार्च से रोकने के लिए पुलिस का प्रयोग करने की निंदा की। उन्होंने इसको निरादर भरा और ग़ैर-लोकतांत्रिक कार्यवाही करार देते हुए केंद्र सरकार को किसानों के मुद्दों का तुरंत हल करने और किए गए वायदों के मुताबिक सुधारों को लागू करने और देश की खाद्य सुरक्षा एवं ग्रामीण क्षेत्रों की खुशहाली के लिए किसानों की भलाई को प्राथमिकता देने की अपील की।

मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और खट्टर के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार को किसानों के साथ सौतेली माँ वाला सलूक बंद करने और देश की तरक्की में ''अन्नदाता'' की अहम भूमिका को पहचानने की अपील करते हुए स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कहा कि भाजपा सरकारों ने किसानों के साथ किए गए अपने वायदों को भुला दिया है और उनको बड़ी चुनौतियों से जूझने के लिए छोड़ दिया है, जो स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## हरियाणा में 3 घंटे रहे टोल फ्री: भाकियू किसान आंदोलन के समर्थन में उतरी, शनिवार को निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च





**हिसार (एजेंसी)।** भारत बंद के आह्वान के बीच हरियाणा में 12 से 3 बजे तक टोल प्लाजा फ्री करवाए गए। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने आज प्रदेश में तीन घंटे टोल फ्री की कॉल की थी। साथ ही दूसरे संगठनों से भी सहयोग मांगा है। वहीं, आज भारत बंद का असर भी मिला जुला दिखाई दिया। सर्व कर्मचारी महासंघ द्वारा किसानों के भारत बंद का सर्मथन दिया है।

पानीपत पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह ने कहा किसान आंदोलन का समर्थन करते हैं। प्रदेश के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर के शुक्रवार को तीन घंटे पूरे प्रदेश में टोल फ्री करवाए हैं। इसके साथ ही कहा कि शनिवार को तहसील स्तर पर ट्रैक्टर मार्च निकलेंगे। उन्होंने कहा कि वह शंभू बॉर्डर पर नहीं जाएंगे।

सोनीपत में भी किसान आंदोलन के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन ने नेशनल हाईवे 44 पर स्तिथ भिगान टोल प्लाजा को फ्री करवाया है।

## पंजाब से हरियाणा आने वाले आलू, मटर और किन्नू की आपूर्ति बंद, सब्जियों के दामों में उछाल

**रोहतक (एजेंसी)।** पंजाब से आ रहे किसानों के दिल्ली कूच को लेकर अब आमजन की खाने-पीने की चीजों की सप्लाई पर भी असर पड़ना शुरू हो गया है। पंजाब से आने वाला आलू, मटर, किन्नू और आजादपुर सब्जी मंडी से आने वाली कुछ सब्जियां भी रोहतक मंडी में नहीं पहुंच रही हैं। गुजरात से आने वाले टमाटर के लिए ट्रांसपोर्ट वाले गुजरात जाने से मना कर रहे हैं। इसके चलते सब्जी मंडी में टमाटर का सिर्फ शुक्रवार का ही स्टॉक बचा हुआ है। फिलहाल स्थानीय स्तर पर पहुंच रहे टमाटर से ही काम चलाना पड़ रहा है। अगर किसानों का आंदोलन इसी तरह चलता रहा तो सब्जियों के दामों में भी भारी उछाल हो सकता है। सब्जी मंडी के प्रधान सोनू छाबड़ा का कहना है कि ट्रांसपोर्ट यूनियन तो ट्रक भेजने के लिए तैयार है, लेकिन ड्राइवर गुजरात की तरफ जाने से मना कर रहे हैं। इसके चलते पिछले दो दिन से गुजरात की तरफ से टमाटर भी नहीं आ रहा है। वहीं पंजाब की तरफ से आने वाला आलू व मटर ट्रकों में भरकर आ रहा था, लेकिन उन्हें पंजाब से ही लौटना पड़ा। हालांकि अभी जिले के ही गांव से आने वाला टमाटर व फर्रुखनगर से आने वाली मटर से ही काम चलाया जा रहा है। वहीं आजादपुर मंडी से भी सब्जियां न पहुंचने के कारण अगले दो दिन बाद समस्या गहरा सकती है। यही नहीं गुजरात की तरफ से आने वाला अंगूर भी कम मात्रा में पहुंच रहा है।

## लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता हो जाएगी लागू - अनुराग अग्रवाल





**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। अनुराग अग्रवाल ने यह बात आज यहां आदर्श आचार संहिता के संबंध में अधिकारियों की बैठक के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों को अपने घोषणा पत्र जारी करने के तीन दिन के अंदर चुनाव घोषणा पत्र की तीन कापियां सीईओ कार्यालय, चंडीगढ़ में जमा करवानी होंगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि यदि किसी भी राजनीतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो उसकी अनुमति संबंधित जिला अथॉरिटी से लेनी जरूरी है। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का नहीं किया जाएगा प्रयोग

उन्होंने बताया कि यदि कोई राजनीतिक दल रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए और जहां पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। राजनीतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का नहीं कर सकेगा प्रयोग हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगलो और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राजनीतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा और राजनीतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेगा। उम्मीदवारों के कार्यक्रमों पर इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम रखेगी नजर

उन्होंने बताया कि इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम जिला स्तर पर बनाई गई है जो उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर विभिन्न प्रकार से नजर रखेगी। ताकि कार्यक्रमों में उम्मीदवार द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया जा रहा।

## हरियाणा सरकार ने 800 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए एमबीपीएल के साथ किया एमओयू

*** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एम.सी.एल.) द्वारा ओडिशा में लगाया जा रहा है 1600 मेगावॉट का सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट**

*** हरियाणा को इस प्लांट से मिलेगी 800 मेगावाट बिजली**

*** यमुनानगर में भी स्थापित किया जा रहा 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर प्लांट, प्लांट बनने से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावाट तक बढ़ेगी**



**चंडीगढ़ ।** हरियाणावासियों को निर्बाध एवं सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में आज हरियाणा सरकार ने महानदी बेसिन पावर लिमिटेड (एमबीपीएल) के साथ 800 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की उपस्थिति में हरियाणा की ओर से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार तथा कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से श्री देबाशीष नंदा ने एओयू का आदान-प्रदान किया।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एम.सी.एल.) द्वारा ओडिशा में 1600 (2×800 मेगावॉट) मेगावॉट का सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट लगाया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महानदी बेसिन पावर लिमिटेड (एमबीपीएल) द्वारा ओडिशा में प्रस्तावित अपने इस प्लांट से हरियाणा को 800 मेगावॉट बिजली देने की पेशकश की गई, जिसे स्वीकार करते हुए आज इस संबंध में एमओयू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित बिजली खरीद के लिए एकल मूल्य (लेवलाइज्ड टैरिफ) 4 रुपये 46 पैसे प्रति यूनिट निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली उपलब्धता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार यमुनानगर में भी 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट लगाने जा रही है, इसके लिए टेंडर किया जा चुका है। वर्तमान में हरियाणा में बिजली उत्पादन क्षमता 2,582 मेगावाट है और इस नये प्लांट के बनने से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावाट तक बढ़ जाएगी।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। वर्ष 2014 में प्रदेश में बिजली की मांग 9000 मेगावॉट थी, जो आज बढ़कर 14,000 मेगावॉट हो गई है। बिजली निगमों द्वारा निरंतर बिजली की आपूर्ति की जा रही है। हाइड्रो तथा सोलर पॉवर से भी बिजली खरीदी जाती है और हरियाणा बिजली के मामले में आत्मनिर्भर है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बिजली आपूर्ति के मामले में हरियाणा ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है और आज लगभग 5800 गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, बिजली निगमों के अध्यक्ष श्री पी के दास, सेवा विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री पंकज अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विकास गुप्ता, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री मंदीप सिंह बराड़, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमित खत्री, मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय, चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर श्री सुदेश कटारिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक-महम-हांसी सेक्शन पर 11 वर्षों के बाद ही सही, रेल सेवा की शुरुआत पर जताया संतोष




**रोहतक**-सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक-महम-हांसी सेक्शन पर 11 वर्षों के बाद ही सही, रेल सेवा शुरू होने पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने काफी भाग दौड़ करके इसको यूपीए सरकार में मंजूर कराया था। 28 जुलाई, 2013 को तत्कालीन रेल मंत्री व मौजूदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने हांसी में रेल-रोड रैली करके इसका शिलान्यास कर काम शुरू कराया था। उन्होंने कहा कि रोहतक में आज के फंक्शन में शामिल होना चाहता था लेकिन अधिकारियों ने कहा कि मैं अपने विचार नहीं रख सकता, तो क्या मैं भाजपा नेताओं के भाषण पर सिर्फ ताली बजाने जाता। उन्होंने बताया कि इस रेल लाइन को उन्होंने न सिर्फ मंजूर कराया, बजट मंजूर कराया बल्कि इसका शिलान्यास कराकर काम भी शुरू कराया। लेकिन, आज उसके उद्घाटन समारोह पर उन्हें ही बोलने से मना कर दिया गया तो ऐसा लगा कि सरकार उन्हें सिर्फ अपमानित करने के लिए बुला रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक-महम-हांसी परियोजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यूपीए सरकार से इस परियोजना को 09-नवम्बर-2011 को योजना आयोग से मंजूर कराया। 15-नवम्बर-2011 को कॉंग्रेस की हुड्डा सरकार ने भूमि की पूरी लागत वहन करने की स्वीकृति दी। वर्ष 2012-13 के रेल बजट में केन्द्र सरकार से फाइनल मंजूरी के साथ 385 करोड़ रुपया आवंटित कराकर 28-जुलाई- 2013 को तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री श्री मल्लिकार्जुन खड़गे और तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने हांसी में रेल-रोड रैली करके रोहतक-महम-हांसी रेल परियोजना का शिलान्यास किया और प्रारम्भिक काम शुरु करा दिया था। इस संबंध में कांग्रेस की तत्कालीन हुड्डा सरकार ने 07अक्टूबर-2013 एवं 20-दिसंबर-2013 को भूमि अधिग्रहण की धारा 4 तथा 26-जून-2014 को भूमि अधिग्रहण की धारा 6 के अन्तर्गत कार्रवाई शुरु कर दी थी। लेकिन, दिसंबर 2015 में मुख्यमंत्री जी ने इस परियोजना की फाइल गुम होने की बात कही। जिसके बाद मैंने डाक के माध्यम से परियोजना की पूरी फाइल तुरन्त मुख्यमंत्री जी को मुहैया कराई। 4 साल तक बिना बात के लंबित पड़ी इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाले जाने के विरोध में उन्होंने हांसी में और महम में धरना भी दिया था। केंद्र सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के परियोजना निगरानी प्रभाग द्वारा रोहतक-महम-हांसी रेलवे लाइन परियोजना के काम की ऑनलाइन कंप्यूटराइज्ड निगरानी प्रणाली (ह्रष्टस्न्) की समीक्षा रिपोर्ट से पता चला कि अनावश्यक देरी के चलते ही परियोजना की लागत में भारी उछाल आया। बेवजह देरी के चलते परियोजना की लागत 211.31त्न बढ़कर ?893.45 करोड़ हो गई। इसका कारण प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा तकनीकी कमियाँ रहीं। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हांसी से दिल्ली सीधी रेलवे लाइन शुरू होने के बाद यात्रियों को करीब 90 किलोमीटर तक का सफर कम करना पड़ेगा। साथ ही इससे करीब डेढ़ घंटे की भी बचत भी होगी। इस रेल परियोजना से न सिर्फ प्रदेश में कनेक्टिविटी को नई दिशा मिलेगी अपितु रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और लोगों का सफर आसान हो जाएगा।

# राजकीय कन्या कालेज में शुरु हुई खेलकूद प्रतियोगिता

## -बॉक्सिंग में भीम अवार्डी पूजा रानी बोहरा मुख्य अतिथि रही

**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में दो दिवसीय 60वें वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बॉक्सिंग में भीम अवार्डी पूजा रानी बोहरा पहुंची। महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ. पुष्पा अंतिम ने उनका पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि पूजा रानी बोहरा ने भव्य खेलकूद के मैदान में ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय की सेंकड़ों छात्राओं ने मार्च पास्ट द्वारा खेलों के प्रति उत्साह व उमंग की अनुपम मिसाल पेश की। प्रतियोगिता का प्रारंभ सबसे पहले 200 मीटर की रेस से हुआ। इसमें स्नेहा प्रथम, बेबी द्वितीय और अंजलि तृतीय स्थान पर रही। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को स्वर्ण रजत व कांस्य पदक से सम्मानित किया। उन्होंने जीवन में खेलों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि देश में खेल एवं अन्य हर क्षेत्र में महिलाओं का



योगदान बढ़ता जा रहा है और किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पीछे नहीं है। महाविद्यालय की छात्राओं से भी उन्होंने आग्रह किया कि वे शिक्षा, खेल, ज्ञान और विज्ञान हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभाओं को सामने लाएं व बढ़-चढ़कर हर क्षेत्र में हिस्सा लें। देश की उन्नति में अपना योगदान दें। उप-प्राचार्या डॉक्टर पुष्पा अंतिल ने मुख्य अतिथि के जीवन परिचय से सबको अवगत करवाया। उप-प्राचार्या ने महाविद्यालय परिवार की तरफ से मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। लॉन्ग जंप में वर्षा प्रथम, स्निक्धा द्वितीय व बेबी तृतीय। डिस्कस थ्रो में राखी प्रथम, ऐश्वर्या दूसरे व रश्मि तीसरे, शॉट पुट में भावना प्रथम बेबी द्वितीय व राखी तृतीय, बैक रेस में स्नेहा प्रथम, बेबी द्वितीय, खुशी तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर रेस में स्नेहा प्रथम, बेबी द्वितीय, सोनू तृतीय स्थान पर रहीं। हर्षोल्लास के साथ खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिवस का समापन हुआ।

# प्रधानमंत्री ने झूठ बोलने की सभी सीमाएं की पार: कैप्टन अजय सिंह यादव

## प्रधानमंत्री ने रेवाडी में दिए केवल कौरे आश्वासन-कैप्टन अजय सिंह यादव

**रेवाडी।** कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्टीय चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेवाड़ी में दिए गए भाषण को केवल कौरे आश्वासन करार दिया है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री ने झूठ बोलने की सभी हदें पार कर दी हैं। एम्स का अभी तो शिलान्यास ही हुआ है, जिसमें ईलाके की जनता का बहूत बडा योगदान है। एम्स संघर्ष समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों व राजनैतिक लोगों ने पूरा साथ दिया है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक शब्द भी ईलाके की जनता के लिए न बोलकर अकेले श्रेय ले रहे हैं।कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा 2 महीने बाद चुनाव होने हैं उसके बाद भाजपा फिर से एम्स को भूल जाएगी। जिस



तरह वर्ष 2013 में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन रैंक, वन पेंशन देने की बात कही थी जबकि आज 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी देश की सेवा करने वाले जवान जंतर मंतर दिल्ली में धरने पर बैठे हैं। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा यह कहना कि वन रैंक, वन पेंशन के 1000 करोड रूपये में से अकेले हरियाणा को 500 करोड दिए गए है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने झूठ बोलने की भी सभी सीमाएं पार कर दी हैं। श्री यादव ने कहा अगनिवीर के आने के बाद तो वन रैंक, वन पेंशन किसको दोगे। प्रधानमत्री मोदी जी ने ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसूरी वाली बात सत्य करके दिखा दी है क्योंकि जब नौकरी ही नही रहेगी तो पेंशन किसकों दोगे।

कैप्टेन अजय सिंह ने कहा प्रधानमंत्री जी ने अपने भाषण में कहा है कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज बन गया है। प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठकर इस तरह से झूठ बोलना प्रधानमंत्री जी को शोभा नही देता, या फिर यूं बताएं किस-किस जिले में मेडिकल कॉलेज बना है। जनता को इस तरह झूठ बोलकर वोट हथियाने का कार्य ही मोदी जी को आता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूग्राम में मेट्रो की सौगात दी लेकिन प्रधानमंत्री जी बताएं कि आपके प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 10 वर्षों में एक पिलर भी मेट्रो का बना हो। मेट्रो को लाने वाली कांग्रेस पार्टी थी। इसके अलावा डिफेंस यूनिवर्सिटी, रेवाड़ी व धारूहेड़ा का बस स्टैंड, रेवाड़ी का राजकीय कॉलेज, गुरुग्राम का सिविल अस्पताल, गुरुग्राम में बनने वाली यूनिवर्सिटी इत्यादि पर एक शब्द भी प्रधानमंत्री जी ने नहीं बोला। दक्षिण हरियाणा की जनता को प्रधानमंत्री से बहुत उम्मीद थी लेकिन दक्षिणी हरियाणा के हाथ आज भी खाली हैं।

# संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने की अधिकारियों के साथ बैठक



**गुरूग्राम।** नगर निगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने सेक्टर-42 स्थित निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की तथा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्परता से समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि नगर निगम गुरूग्राम क्षेत्र में सफाई, कूड़ा, सीएंडडी वेस्ट, सीवरेज समस्या, स्ट्रीट लाईट, हॉर्टिकल्चर वेस्ट आदि से संबंधित शिकायतें सोशल मीडिया, कॉल सेंटर हैल्पलाईन नंबर, ऑनलाईन पोर्टल तथा वाट्सएप हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से प्राप्त होती हैं। हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम प्राप्त हुई शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उनका समाधान करवाएं, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरूग्राम का कार्य नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना है। अधिकारियों को चाहिए कि जैसे ही उनके पास कोई शिकायत आए, वे तुरंत ही उसका समाधान संबंधित कर्मचारियों या एजेंसी के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करें।

# मोदी-मनोहर गरीबों के सच्चे हितैषी व संवेदनशील-संजय भाटिया

**करनाल।** भाजपा सांसद संजय भाटिया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे हितैषी और उनके प्रति संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीयत में सूई की नोक के बराबर भी कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के दुख-दर्द को करीब से महसूस किया है। इसीलिये उनके कल्याण के लिये अनेक योजनओं को क्रियान्वित कर धरातल पर उतारा है। भाटिया आज यहां प्रेम नगर के सामुदायिक भवन रेवाड़ी में देश के 22वें एम्स के शिलान्यास समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के लाइव प्रसारण के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रधानमंत्री के करीब 40 मिनट के संबोधन को उपायुक्त अनीश यादव, एसडीएम अनुभव मेहता, सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिल्लौड़, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर जगमोहन आनंद, पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता, भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, मंडल अध्यक्ष राजेश अग्घी, भगवान दास अग्घी, मंडल अध्यक्ष साहिल मदान, ओबीसी मोर्चा से राजेश सैनी, भाजपा जिला कार्यालय सचिव मदन गुज्जर, राजबीर खोखर, दर्शन सहगल, एससी मोर्चा की एडवोकेट गीता परोचा व रतन सिंह वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री के लाईव उद्बोधन को सुना। सांसद संजय भाटिया ने इस मौके पर 18 लोगों को पैंशन संबंधी प्रमाण पत्र वितरित किये। श्री भाटिया ने कहा कि आजादी के बाद करीब 60 साल कांग्रेस का राज रहा पर इस अवधि में अंग्रेजी शासनकाल में बिछाई गई एक भी रेलवे लाईन का विस्तार नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की तकलीफों को समझते हुये न केवल घर-घर शौचालयों का निर्माण कराया बल्कि उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये। प्रधानमंत्री ने चूल्हे के धुएं से होने वाली परेशानी और अंधेरा होने तक निवृति के लिये इंतजार करने के महिलाओं के कष्ट को समझा। इससे स्पष्ट है कि वे महिलाओं के प्रति कितने संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब गरीबों के पास इलाज के लिये पैसे नहीं होते थे। प्रधानमंत्री ने समस्या के समाधान के लिये आयुष्मान भारत योजना शुरू की। मुख्यमंत्री ने योजना में आय सीमा को बढ़ाते हुये चिरायु योजना को इससे जोड़ा। सांसद ने कहा कि मनोहर लाल मुख्यमंत्री बनने से पहले पार्टी के अंत्योदय प्रकोष्ठ के प्रधान थे। सीएम बनते ही उन्होंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की सोच के अनुरूप पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति के हितों की चिंता की और उसके लिये योजनायें बनाकर उन्हें लागू किया।

# क्राइम डायरी

## डीसीपी सेन्ट्रल जसलीन कौर ने स्वास्थय विभाग व समाजिक संस्थाओ के साथ मिलकर लोगो को नशे के दुष्परिणाम के संबंध में किया जागरूक




**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेन्ट्रल जसलीन कौर ने स्वास्थय विभाग व समाजिक संस्थाओ के साथ मिलकर गांव अजरोंदा में आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक करने, उसके दुष्परिणाम बताने व नशे के आदी लोगों को नशा छोडने के लिए प्रेरित किया है। जागरुकता प्रोग्राम थाना सेन्ट्रल प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह, पुलिस चौकी सेक्टर-15, पुलिस चौकी सेक्टर-15ए व पुलिस चौकी सेक्टर-14 इंचार्ज डा0 तफीम कवँर सीनियर प्रोफसर एव फिजिशियन अल फला कॉलेज धौज, श्रीमती अनुकमा भाटी सोशल वर्कर बी के अस्पताल, श्रीमती ममता चौधरी नर्सीग ऑफिसर, बी के अस्पताल, प्रेमपाल प्रोजक्ट मैनेजर, मीनु आउट रिच वर्कर, वंदना आउट रिच वर्कर, शिमरण आउट वर्कर, रूपाली आउट रिच वर्कर व गंगा फाउंडेशन ने हिस्सा लिया है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने स्वास्थय विभाग व समाजिक संस्थाओ की सहायता से अजरोंदा गांव में नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए एक परामर्श कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में करीब 150 नशे की गिरफ्त में आए व्यक्तियों कि पहचान करने नशे की लत वाले लोगो को व आम लोगो को नशे के खिलाफ व नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जागरूक किया है।डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर ने कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी व्यक्तियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई गई नशा न करने बारे बतलाया गया तथा नशे से ग्रस्त व्यक्तियो की मनोवैज्ञानिक तरीके से काउंसलिंग की गई, युवाओं को नशा न करने बारे सलाह दी गई पैम्पलेट वितरित किये गये जो नशा बेचता या पिलाता है ऐसे व्यक्तियों की गतिविधियो के बारे में पुलिस को सूचित करें। उन्होने वहां मौजूद लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि व्यक्ति का व्यक्तिगत नाश करने के अलावा उसके परिवारजनों पर भी दुष्प्रभाव छोडता है। नशा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक व आर्थिक तौर पर बर्बाद कर देता है। इसलिए हम सभी को मिलकर नशे के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना होगा और लोगों को नशा छोडने के लिए प्रेरित करना होगा। अगर उनके क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशा बेचता है, नशा करता है या नशे के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी तो वह व्यक्ति उसके बारे में जानकारी तुरंत पुलिस के टोल फ्री नम्बर 9050891508 व डायल 112 पर दे सकता है। सही सूचना के आधार पर आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी और सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

## पीडब्लूडी रेस्ट हाउस पुलिस चौकी चावला कॉलोनी इंचार्ज ने

## अपनी टीम के साथ लोगो को नशे के दुष्परिणाम और साइबर फ्रॉड से कैसे बचे, के संबंध में किया जागरुक

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद**- डाआईजी कम डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी चावला कालोनी प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार ने अपनी टीम के साथ पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में लोगों को नशा के दुष्परिणाम और साइबर फ्रॉड के बचाव के संबंध में जागरुक किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नशा और साइबर फ्रॉड के बचाव के जागरुकता अभियान के लोगो को नशा और साइबर फ्रॉड के बचाव के संबंध में जागरुक किया। पुलिस टीम ने पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में जाकर आमजन को नशा से बचने व टोल फ्री न. 9050891508 की जानकारी दी जिसपर अपने एरिया में



नशा बेचने वालो के खिलाफ सूचना देकर, शहर को नशा मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभा सकते है। पुलिस के हेल्पलाइन नम्बर डायल 112 पर सूचना दे। आपकी तुरंत पुलिस के द्वारा सहायता की जाएगी। अगर आपके आस पास कोई व्यक्ति नशा तस्करी करता है तो नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना दे।

कुछ व्यक्ति किसी भी तरह के लालच या ऑफर के चक्कर में साइबर ठगी के शिकार हो जाते हैं साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर भोले भाले नागरिकों के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं परंतु इसके प्रति जागरूक होकर हम साइबर अपराधियों के चंगुल से बच सकते हैं और साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूक होकर अपने साथियों को भी इससे बचा सकते हैं। साइबर ठगी की वारदात घटित होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर सूचना दें ताकि आपके पैसे को तुरंत आपके अकाउंट से भेजे गए दूसरे अकाउंट में फ्रिज किया जा सके।

## घर से लापता 16 वर्षीय नाबालिक लडकी को अपराध शाखा कैट की टीम ने नई दिल्ली से तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत अपराध शाखा कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम व पुलिस चौकी अनखीर प्रभारी की टीम ने घर से लापता 16 वर्षीय नाबालिक लडकी को संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए नई दिल्ली से तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नाबालिक लडकी अपने घर से 13 फरवरी को बिना बताए निकल गई थी। लडकी को परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया था। लेकिन नही मिलने पर लडकी के संबंध में थाना सूरजकुंड में गुमशुदगी की सूचना दी गई थी। सूचना पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लडकी की तलाशी शुरु कर दी। लडकी के गुमशुदगी के मुकदमें में अपराध शाखा कैट भी कार्रवाई कर रही थी। अपराध शाखा



कैट व पुलिस चौकी की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए नाबालिक लडकी को जामा मस्जिद नई दिल्ली से सकुशल तलाश किया गया। नाबालिक लडकी के पुलिस टीम द्वारा परिजनो के सामने लिगल एड के ब्यान कराए गए जिसमें लडकी ने बताया कि वह घर से परिजनों से नाराज होकर चली गई थी। अब वह परिजनों के साथ जाना चहाती है। परिजनों को समझाते हुए नाबालिक लडकी को परिजनों के हवाले किया परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया है।

## देशी कट्टे सहित आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए निर्देशानुसार अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी सब इंस्पेक्टर कप्तान सिंह की टीम ने देशी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सचिन उर्फ सूरज संजय कॉलोनी सूर्य विहार पल्ला का रहने वाला है। अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नया पल्ला पुल से आरोपी को काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी पिस्तौल बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर 2020 में थाना पल्ला में मर्डर का मुकदमा दर्ज हुआ था जिसके चलते वह देशी कट्टे को विकास सूटर



से गांव फतेहपुर में से 5500/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी विकास को इंस्टाग्रम से जानता है। आरोपी को मुकदमें में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## 1.150 ग्राम गांजा सहित आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-17 की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-17 प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बजरंग सरोज कॉलोनी एत्मादपुर सेक्टर-31 का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से



प्राप्त सूचना से नया पुल एत्मादपुर से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 1.150 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-31 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में समाने आया की आरोपी गांजा को मदनपुर खादर किसी अंजान व्यक्ति से 10000/-रु में बेचने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी ने गांजा बेचने का काम अभी 8-10 दिन पहले शुरु किया था। आरोपी पहले ऑटो चलाने का काम करता था। आरोपी नशा करने का आदी है। आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



संक्रामक रोगों को आम तौर पर लोग संजीदगी से नहीं लेते। भारत में ज्यादातर लोग मुंहासों के इलाज के लिए या तो घरेलू नुस्खे अपनाते हैं या उन्हें पूरी तरह से अनदेखा कर देते हैं। बहुत कम लोग होते हैं जो डॉक्टर के पास जा कर इलाज कराते हैं। ज्यादातर लोग इस बात से अनजान हैं कि मुंहासे पैदा करने वाला बैक्टीरिया एमआरएसए जानलेवा भी हो सकता है।



# जानलेवा बैक्टीरिया एमआरएसए

**मुंहासे** पैदा करने वाला मेथिसिलिन रेसिस्टेंट स्टेफीलोकोकस ऑरेउस या एमआरएसए एक ऐसा बैक्टीरिया है. जो आम तौर पर त्वचा पर आक्रमण करता है। अमेरिका में ज्यादातर त्वचा के रोग इसी विषाणु के कारण होते हैं। मुंहासों तक तो इन पर काबू कर लिया जाता है, लेकिन अगर यह किसी चोट द्वारा खून के अंदर पहुंच जाएं, तो यह शरीर को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। खास तौर से ऑपरेशन के दौरान अगर ध्यान न दिया जाए तो यह पूरे शरीर में इन्फेक्शन फैला सकता है।

## एंटी बायोटिक का असर नहीं

एमआरएसए को सबसे पहली बार 1961 में खोजा गया था। इससे छुटकारा पाने के लिए एंटी बायोटिक का इस्तेमाल भी किया गया, लेकिन इतने वर्षों में इन विषाणुओं ने खुद को इन दवाइयों के हिसाब से ढाल लिया है। मेथिसिलिन, अमोक्सिसिलिन, मेथिसिलिन रेसिस्टेंट स्टेफीलोकोकस ऑरेउस या एमआरएसए पेनिसिलिन, ओक्ससिलिन जैसे ज्यादातर एंटी बायोटिक अब इन पर काम करने में विफल रहते हैं। वैज्ञानिक अब नए एंटी बायोटिक बनाने में लगे हैं।

## यूरोप में लाखों बीमार

यूरोप में हर साल चालीस लाख से अधिक लोग अस्पतालों में इन्हीं एमआरएसए विषाणुओं का शिकार होते हैं। इनमें से 35,000 जर्मनी में हैं। एक अध्ययन के अनुसार यूरोप में हर साल 37,000 लोग इसलिए अपनी जान गंवा बैठते हैं, क्योंकि वे अस्पताल में आकर बीमार पड़ते हैं और समय रहते उनका सही इलाज नहीं हो पाता। यूरोपीय संघ कोशिश कर रहा है कि अस्पतालों में साफ-सफाई के मापदंड अब और भी सख्त कर दिए जाएं।

## मरीज की पहचान जरूरी

जर्मन सोसाइटी फॉर हॉस्पिटल हाइजीन चाहता है कि जर्मनी के हर अस्पताल में मरीज को भर्ती करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच कर ली जाए कि कहीं वह अपने साथ इस कीटाणु को तो नहीं लाया है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है, ताकि मरीज की पहचान कर ली जाए और उसे बाकी मरीजों से अलग रखा जाए। जर्मनी, फ्रांस और पोलैंड में 25 प्रतिशत मरीजों में यह कीटाणु पाया गया। स्पेन और तुर्की जैसे अन्य दक्षिण यूरोपीय देशों में हालात और भी खराब हैं। वहां 50 प्रतिशत मरीज इस विषाणु से संक्रमित हैं।


## एमआरएसए का बढ़ता खतरा

पिछले वर्षों में एमआरएसए के केस इतनी तेजी से बढ़े हैं कि अब इसे कामकाज संबंधी बीमारी के रूप में देखा जा रहा है। जर्मन सोसाइटी फॉर हॉस्पिटल हाइजीन के अनुसार जर्मनी में 80 प्रतिशत अस्पतालों में एमआरएसए का खतरा है। इन अस्पतालों से कड़े रूप से यह कहा जा रहा है कि जो लोग साल में एक से ज्यादा बार अस्पताल में भर्ती हो रहे हों, उनकी पूरी जांच की जाए।



# क्या आप जानते हैं?

**क्या है डीप वैन थ्रोमयोसिस यानी 'डी वी टी '? लम्बी दूरी की थकाऊ उड़ान की कीमत अकसर पैरों और हमारी जंघाओं को चुकानी पड़ती है ।**



## लक्षण

लम्बी दूरी उड़ान के दौरान काल्फ जैसी डीप वैन्स (निचली शिराओं में ) खून का थक्का बनने लगता है। साथ में बेहद का दर्द और इन्फ्लेमेशन होने लगता है। बस यही है 'डीप वैन थ्रोम -योसिस' के लक्षण।

## समाधान

डी वी टी का समाधान भी सीधा सरल है। हर एक घंटे के बाद प्लेन में एक सिरे से दूसरे तक टहलिए । पैर लटकाकर बैठे मत रहिए। खूब पानी पीजिए (हाई -डरै -टिड रखिये शरीर को ) हो सके तो किसी भी प्रकार पैरों को एलीवेटिड रखिए । वैसे आप को बता दें कि आजकल फ्लाइट के दौरान पहने जाने वाले विशेष मौजे (सॉक्स)भी उपलब्ध हैं ।

यह फ्लाईट सॉक्स खास तौर पर डिजाइन किए गए कम्प्रेशन होजरी से तैयार किये जाते हैं। ये रक्त प्रवाह को पैरों की और मोड़ कर दिल तक ले जाते हैं। यह पैरों पर इस तरह से दबाव (प्रेशर) डालते हैं, जिससे दर्द घुटनों से पैरों के टखनों (एंकल) की ओर मुड़ जाता है।



हाउस वाइफ रीता आजकल बहुत चिंतित रहने लगी है। दरअसल महीने में यह तीसरी बार है की वह अपने 6 वर्षीय बेटे रिंकू को स्थानीय अस्पताल में दिखाने लाई है। रिंकू को बार बार दस्त हो रहे हैं। मात्र 4 दिन पहले ही रिंकू को इसी अस्पताल से छुट्टी मिली थी, तब उसे उल्टी दस्त की वजह से 2 दिन के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था।

# घर के बर्तन भी फैलाते हैं रोग

बाल रोग विशेषज्ञ ने रीता को बताया की रिंकू की बीमारी खाने से उत्पन्न बैक्टीरिया की वजह से हुई है। इसलिए उसे रिंकू की खानपान की आदतों के प्रति खास तौर पर चौकन्ना रहना होगा। डॉक्टर ने रीता को यह भी बताया कि अपने बच्चे को खाना देते वक्त उसे क्या करना है और क्या नहीं।

डॉक्टर द्वारा दी गई सूची को पूरा पढ़ने के बाद लगा जैसे रीता रो पड़ेगी, क्योंकि इस सूची में ऐसा कोई काम नहीं था जो उसने न किया हो। एक शिक्षित व समझदार मां के तौर पर रीता ने बहुत अच्छी तरह अपने बच्चे की सेहत व भलाई के हरसंभव कदम उठाया था।

रीता ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि रिंकू वहीं पानी पीए जो छना व उबला हुआ हो। उसने अपने बच्चे को हमेशा ताजा बना हुआ भोजना दिया। वास्तव में रीता के पति व उसकी सहेलियां उसका यह कह कर मजाक भी उड़ाते थे कि अपने बेटे के मामले में वह कुछ ज्यादा ही हाइजीनिक है। रीता ने बहुत सोचा, लेकिन फिर भी वह उस कारण को नहीं ढूंढ़ पाई, जिस वजह से उसके बेटे को बार बार संक्रमण हो रहा था।

## उदाहरण मात्र है

रीता तो मात्र एक ही उदाहरण है। हमारे देश मे ऐसी हजारों माताएं हैं जो उस कारण को खोज रही हैं, जिसकी वजह से उनके बच्चे व परिवार के अन्य सदस्य बार बार बीमार पड़ते हैं। किंतु लगातार प्रयासों के बावजूद भी वे इन संक्रामक बीमारियों को अपने घर से दूर नहीं रख पा रही हैं।

## वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुसार

जब हम भोजन की साफ-सफाई के बारे में बात करते हैं तो बर्तनों का जिक्र शायद ही कभी आता हो। वास्तव में बर्तन भोजन संबंधी स्वच्छता का सबसे अहम हिस्सा हैं, क्योंकि बर्तनों में ही खाना पकाया, परोसा और ले जाया जाता है। जिन बर्तनों को ठीक से धोया नहीं जाता, उनमें ऐसे जीवाणु पनप जाते हैं, जो रोगकारक होते हैं और ऐसे बर्तनों से बीमारी फैल सकती है।''

## तो क्या है इसका हल?

सर्वश्रेष्ठ तरीका तो यही है कि बर्तनों को रोगाणुओं से मुक्त किया जाए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सलाह दी जाती है कि बर्तनों को धोने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री में जीवाणुनाशक एजेंट होना चाहिए। लेकिन यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि बर्तन धोने के लिए जो रासायनिक एजेंट इस्तेमाल किए जाएं वे सुरक्षित हों और उनसे किसी किस्म का नुकसान न हो। साइक्लोजैन ऐसा रोगाणुरोधी एजेंट हैं, जो इस उद्देश्य को पूरा करते हैं।

## उद्देश्य को पूरा करते हैं साइक्लोजैन

साइक्लोजैन मानव इस्तेमाल के लिए सुरक्षित हैं और ये बर्तनों से 85 प्रतिशत बैक्टीरिया को साफ करने में सक्षम हैं। ये रसायन बैक्टीरिया को धो डालते हैं और लगभग 8 घंटों तक उन्हें फिर से पनपने से भी रोकते हैं। इस वक्त भारतीय बाजारों में कई ब्रांड नामों से 'डिश वॉश' फॉर्मूला उपलब्ध हैं, जिसमें साइक्लोजैन मौजूद हैं।

## अनदेखा कर देते हैं अहम पहलू

- साफ-सफाई के सभी मानकों का पालन करने पर भी हम में से अधिकतर लोग भोजन दूषित होने के सबसे अहम् पहलू को अनदेखा कर देते हैं- वे बर्तन जिनमें हम खाना पकाते, रखते और खाते हैं।
- आम तौर पर प्लेटें और टिफिन को सिर्फ पानी से धो लिया जाता है। हम सभी जानते हैं कि नल से आने वाला पानी रोग फैलाने वाले जीवाणुओं को लिए होता है।
- भले ही आप दो-तीन बार पानी को छानें या उबालें या फिर गर्मागर्म खाना बना कर परोसें; लेकिन आपकी इन कोशिशों पर पानी फिर जाएगा, अगर यह खाना-पानी ऐसे बर्तनों में परोसा जाए, जिन्हें रोगाणुओं से मुक्त नहीं किया गया है।
- गिलास, कटोरी, थाली, टिफिन आदि में मौजूद बैक्टीरिया भोजन व पानी में बड़ी तेजी से मिल जाते हैं। एक बार भोजन या पानी दूषित हो गए तो फिर वे हमेशा के लिए दूषित ही रहेंगे।





# रणबीर कपूर की एनिमल की मुरीद हुईं हुमा कुरैशी

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'एनिमल' रिलीज 2 महिने बाद भी लगातार चर्चा में बनी हुई है। 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 900 करोड़ से भी अधिक का कलेक्शन किया है। जहां एक तरफ इस फिल्म ने हर दिन नए रिकॉर्ड बनाए तो वहीं इस फिल्म को खूब आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा। इस फिल्म के कुछ सीन्स पर विवाद भी हुआ। कई सेलेब्स सहित सोशल मीडिया पर फिल्म को महिला विरोधी बताया गया। वहीं अब संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने जमकर तारीफ की है। उन्हें न सिर्फ ये फिल्म पसंद आई है, बल्कि एक्ट्रेस ने इस तरह की फिल्म में काम करने की ख्वाहिश भी जाहिर की है।

### हुमा कुरैशी ने की एनिमल की तारीफ

हुमा कुरैशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में 'एनिमल' के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि 'मुझे फिल्म बहुत पसंद आई और मैंने इसका भरपूर लुत्फ उठाया। मुझे इसकी मर्दानगी, एक्शन और संगीत बहुत पसंद आया। यह बहुत ही कलात्मक फिल्म है और मुझे लगता है कि हर तरह की फिल्में बननी चाहिए। एक दर्शक के रूप में यह आपकी पसंद है कि आप उस फिल्म को देखना चाहते हैं या नहीं।'

### अब तक समाज सुधर चुका होता

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि 'मैं ऐसी फिल्म करना पसंद करूंगी जिसमें मैं मशीन गन पकड़ सकूं और हजारों लोगों को मार सकूं। मुझे लगता है, बतौर एक्टर किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनना बहुत इंटेरेस्टिंग है जो इतना डिस्ट्रक्टिव है। मैं इसे इसी तरह रखूंगी।' हुमा ने कहा कि जब मैं 'वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' फिल्में देखती हैं तो मुझे लगता है एक कलाकार के रूप में ऐसा किरदार निभाना बहुत रोमांचक है। अगर लोगों का ये सोचना है कि फिल्में समाज को प्रभावित करती हैं, तो अब तक समाज में सुधार हो चुका होता। क्योंकि समाज को सुधारने वाली कई फिल्में बन चुकी हैं। अगर अब तक नहीं सुधरा तो अब बिगड़ेगा भी नहीं। मेरा मानना है कि 'एनिमल' भी बनाओ और महारानी भी बनाओ। जब तक लोगों को पसंद आएगी देखेंगे।



# इंडस्ट्री में दबाव के कारण कुछ फिल्म एक्टर्स टीवी की दुनिया में काम नहीं पाते

टीवी सीरियल पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा का रोल कर रहीं करुणा पांडे टीवी इंडस्ट्री में पिछले 18 साल से एक्टिव हैं। उन्होंने कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने टीवी इंडस्ट्री के दबाव के बारे में बात की है, जो हर कोई नहीं झेल सकता। खासकर कुछ फिल्मों के एक्टर्स तो बिल्कुल नहीं।

### इंडस्ट्री में बहुत कुछ होता है

मुझमें और पुष्पा में बहुत सारी समानताएं हैं। यह मुझे किरदार चुनते ही समझ आ गया था। उसका आशावादी व्यक्तित्व, संघर्षो से ना बिखरने की शक्ति, खुश रहना इन सब चीजों से मैं काफी जुड़ाव महसूस करती हूं। यह ऐसा किरदार है, जो बेहद प्रासंगिक है, पुष्पा ताकत, दृढ़निश्चय और मानवीय भावना की जीत का प्रतीक है। करीब दो दशक मुझे टीवी में काम करते हुए हो गए हैं, लेकिन मैंने तुलना जैसी चीजों पर कभी ध्यान नहीं दिया। हर चीज का दौर होता है। यह इंडस्ट्री है यहां पर बहुत कुछ होता रहता है।

### दबाव के चलते कुछ एक्टर्स टीवी में काम नहीं करते

बतौर कलाकार मुझे प्लेटफॉर्म बदलने से फर्क नहीं पड़ता। टीवी में आप पांच-छह सीन हर दिन शूट करते हैं। सिनेमा में आप एक दिन में दो ही सीन करते हैं। इससे मानसिक सुकून और आराम मिलता है। टीवी में टेलिकास्ट, आउटपुट और क्वालिटी मेंटेन करने का दबाव होता है। यही वजह है कि कई फिल्मों के एक्टर टीवी में काम नहीं कर पाते क्योंकि उन्हें स्पीड, स्पेस और उसी वक्त आकर सीन तैयार करना, उनसे नहीं हो पाता क्योंकि उनकी प्रैक्टिस नहीं होती है। सारा खेल अभ्यास का है। मैं 18 साल से टीवी इंडस्ट्री में काम कर रही हूं। आप मुझे 10 पेज का सीन दे देंगे तो मैं कर दूंगी और अच्छा परफॉर्म करके दिखाऊंगी। माध्यम में अंतर होता है लेकिन अच्छा कलाकार वही है, जो हर जगह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके दिखाए। बाकी, जब आप दबाव में कार्य करते हैं, तभी आपकी प्रतिभा निखरकर आती है।

### लीड रोल ही पसंद करती हूं

ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ टीवी में ही काम करना चाहती हूं। फिल्मों और वेब सीरीज में भी काम करना है। मैं एक कलाकार हूं और हर माध्यम में अपना हुनर दिखा सकती हूं। मुझे मजबूत किरदार निभाने हैं। मैं यही चाहती हूं, जो भी पात्र हो उसका कहानी में कितना महत्व है और वह क्या कर रहा है, इस पर मेरा ध्यान रहता है। मैं ज्यादातर लीड रोल करना पसंद करती हूं क्योंकि मैं चाहती हूं कि कहानी मेरी हो। अगर कहानी मेरी होगी तो मैं कुछ भी करूंगी।

### सिनेमा जिंदगी से जुड़ी सच्चाई दिखाता है


अब टीवी की ऑडियंस थोड़ा बोल्ड हो गई है। यह ठीक वैसे ही है जैसे अबके बच्चों और पहले के बच्चों को देख लीजिए। अब जो समझ उन्हें आठ-दस साल में आ जाती है, वो पहले 18-20 साल की उम्र में आती थी। जिस तरह दुनिया बदल रही है। उसी तरह हमारी टीवी इंडस्ट्री भी बदलती जा रही है। यह समय के साथ जरूरी भी है। अब तमाम शोज में महिलाएं लीड भूमिका निभा रहीं। फिल्म, थिएटर या ओटीटी कुछ भी हो, उनमें जो चीजें दिखाई जाती हैं, असल में वो कहीं-न-कहीं हमारी जिंदगी से जुड़ी हैं। जैसे हम बदले हैं, वैसे ही लोगों का टीवी देखने का नजरिया भी बदला है।

# कराटे चंद्रन में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे फहाद फासिल



मलयालम एक्टर फहाद फासिल अपनी अपकमिंग फिल्म कराटे चंद्रन में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में मलयालम एक्टर दिलीश पोथन भी हैं। पोथन ने पहले फहाद के साथ फिल्म कुंबलंगी नाइट्स और महेशिन्ते प्रतिकारम में काम किया है। फिल्म एडिटर किरण दास ने इंस्टाग्राम पर एक्टर के कराटे ट्रेनिंग सेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने फिल्म की बाउंड स्क्रिप्ट की एक तस्वीर भी साझा की। किरण दास ने कैप्शन में लिखा, फहाद फासिल स्टारर कराटे चंद्रन रॉय द्वारा निर्देशित है। इसे एस. हरीश और विनोय थॉमस ने लिखा है। अधिक अपडेट जल्द ही शेयर किया जाएगा। फिल्म कराटे चंद्रन फहाद और भावना स्टूडियो के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है।

# अक्षय की नई फिल्म सरफिरा का एलान, रिलीज डेट आउट



अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज के लिए तैयार हैं। एक ओर जहां फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हाल ही में, अभिनेता की दूसरी फिल्म सरफिरा की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। इस फिल्म में अक्षय राधिका मदान के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। यह फिल्म सूर्या की सोरारई पोटरू की रीमेक है। बेबी, एयरलिफ्ट, टॉयलेट- एक प्रेम कथा और स्पेशल 26 के जैसे एक्शन और एडवेंचर के बाद अक्षय कुमार का अंदाज अब सरफिरा होने वाला है। एक्टर ने 13 फरवरी को फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। फिल्म में परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा फिल्म की निर्देशक हैं। वह इससे पहले इरुद्धि सुत्तरु और साला खडूस का निर्देशन कर चुकी हैं, जो तेलुगु में गुरु और सोरारई पोटरु नाम से भी बनी थी। फिल्म की एक झलक साझा करते हुए, अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा, इतने बड़े सपने देखो, वे तुम्हें पागल कहते हैं! प्रसरफिरा केवल 12 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# प्रभास और रश्मिका मंदाना स्क्रीन पर करेंगे रोमांस!



साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। वो बाहुबली एक्टर प्रभास के साथ स्पिरिट मूवी में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा करेंगे। ये रश्मिका और प्रभास की साथ में पहली फिल्म होगी, दोनों स्क्रीन पर रोमांस करते हुए नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, रश्मिका मंदाना की ये डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के साथ दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले वो उनकी एनिमल में नजर आईं, जिसमें रणबीर कपूर लीड रोल में थे। फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी भी नजर आईं। ये फिल्म जबरदस्त हिट रही। फिल्म के लिए संदीप रेड्डी वांगा से सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ये इसी साल फ्लोर पर उतरेगी। साल 2024 के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। फिलहाल, रश्मिका इन दिनों पुष्पा 2 की शूटिंग में बिजी हैं। इसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है। ये 15 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। प्रभास की बात करें तो उन्हें पिछली बार सलार में देखा गया था। अब वो कल्कि 2898 एडी में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण, कमल हासन और अमिताभ बच्चन जैसे स्टार्स हैं। ये इसी साल मई महीने में रिलीज होगी। उनके पास राजासाब भी है।



# निर्देशक नीरज पांडे की अगली फिल्म में अभिनय करेंगी सैयामी खेर

अभिनेत्री सैयामी खेर निर्देशक नीरज पांडे की आगामी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह प्रोजेक्ट एक महिला प्रधान विषय की खोज करने वाली एक लेखक-समर्थित भूमिका है, जो दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। यह नेटफ्लिक्स ऑरिजिनल फिल्म है। घूमर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद नीरज पांडे ने सैयामी को महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना। हिट सीरीज स्पेशल ऑप्स में उनकी सफल साझेदारी ने आगामी सीजन में उनके एक साथ आने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग 15 फरवरी से शुरू होगी, प्रोडक्शन टीम 30 दिनों के शूटिंग शेड्यूल के लिए तैयार है, जिससे फिल्म समय पर पूरी होगी। वे पूरी फिल्म को एक बार में शूट करने की योजना बना रहे हैं। कोई ब्रेक नहीं होगा। यह नेटफ्लिक्स की ऑरिजिनल फिल्म होगी। सैयामी ने 2015 में तेलुगु फिल्म रे से डेब्यू किया और राकेश ओमप्रकाश मेहरा की पंजाबी लोकगीत मिर्जा-साहिबां पर आधारित हिंदी फिल्म मिर्जया में नजर आईं। 2020 में वह मयंक शर्मा की वेब सीरीज ब्रीथ में अभिषेक बच्चन के साथ नजर आईं।

# सई मांजरेकर में बहुत पॉजिटिविटी एनर्जी है



वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कुछ खट्टा हो जाए में सई एम. मांजरेकर के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया और कहा कि वह सेट पर पॉजिटिविटी और वाइब्रेंट एनर्जी लेकर आईं। अनुपम ने कहा, चाहे आप उनके साथ डम्ब शराड खेलें, चाहे आप उनके साथ वर्ड बिल्डिंग वाला गेम खेलें, वह हमेशा मुस्कुराती रहती हैं। उनमें बहुत एनर्जी है और वह एक पॉजिटिविटी इंसान हैं। गुरु रंधावा और सई अभिनीत यह फिल्म पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है। यह फिल्म एक रॉम-कॉम है। इसकी शूटिंग आगरा में हुई है। कहानी दो प्रेमियों और उनके क्रेजी फैमिलीज के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें इला अरुण और तेलुगु कॉमेडी के दिग्गज ब्रह्मानंदम भी हैं। मच फिल्म्स और अमित भाटिया द्वारा निर्मित, यह फिल्म 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# भूल भुलैया-3 में होगी विद्या बालन की वापसी

बॉलीवुड की सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'भूल भुलैया' के तीसरे पार्ट की अनाउंसमेंट हो गई है। 2022 में रिलीज हुए फिल्म के सेकेंड पार्ट में लीड रोल प्ले करने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन ने इसकी अनाउंसमेंट करते हुए एक टीजर शेयर किया है। खास बात यह है कि इस थर्ड पार्ट में फिल्म के फर्स्ट पार्ट में मंजुलिका के किरदार में नजर आई एक्ट्रेस विद्या बालन की वापसी होगी। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक टीजर वीडियो शेयर किया जिसमें वो और विद्या बालन एक साथ नजर आ रहे हैं। इसे शेयर करते हुए कार्तिक ने लिखा, 'यह होने जा रहा है। मंजुलिका 'भूल भुलैया' की दुनिया में वापस आ रही हैं। मैं उनका वेलकम करते हुए बहुत एक्साइटेड हूं। यह दिवाली बहुत धमाकेदार होने वाली है।'

### अनीज बज्मी ही डायरेक्ट करेंगे थर्ड पार्ट

कार्तिक ने अपने पोस्ट में डायरेक्टर अनीस बज्मी और प्रोड्यूसर भूषण कुमार को भी टैग किया है। इससे यह साफ है कि फिल्म के सेकेंड पार्ट की तरह इसके थर्ड पार्ट को भी अनीस बज्मी ही डायरेक्ट करेंगे। फिल्म के इस अनाउंसमेंट टीजर को देखकर सोशल मीडिया पर कई फैंस एक्साइटेड हैं। लोगों का कहना है कि रूह बाबा और मंजुलिका को साथ देखकर मजा आएगा। वहीं कई फैंस अक्षय कुमार को भी फ्रेंचाइजी में वापस लाने की मांग कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'अब अक्षय कुमार को भी वापस ले आओ..'। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, 'कार्तिक से कोई तकलीफ नहीं है पर अक्षय को भी वापस लाना चाहिए।' वहीं एक फैन ने तो फिल्म के फर्स्ट पार्ट से सपोर्टिंग एक्टर परेश रावल और मनोज जोशी को भी वापस लेकर आने की मांग की है।

# साई पल्लवी के साथ डेब्यू करेंगे आमिर खान के बेटे जुनैद



आमिर खान के बेटे जुनैद खान जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाले हैं। उनकी पहली फिल्म महाराज 2024 में स्क्रीन पर हिट होने के लिए तैयार है। फैंस बेसब्री से उनके डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। एक्टर इससे पहले से ही अपने अगले प्रोजेक्ट में लगे हुए हैं, जिससे सुर्खियों में चर्चा हो रही है। इसमें उनके साथ होंगी साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी। आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई फिल्म में जुनैद खान हैं और उनकी फिल्म का सेट साप्पोरो स्नो फेस्टिवल में बना है। धुंधले लेकिन प्यारे शॉट्स फिल्म में जुनैद खान के लुक को दिखाते हैं, साथ ही उनकी को-एक्टर साई पल्लवी भी हैं, जो एक रोमांटिक रोल प्ले कर रही हैं। इस फिल्म में जाहिर तौर पर साप्पोरो की खूबसूरती दिखने वाली है, जो दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आएगी। बर्फबारी के कारण मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, फिल्म की शूटिंग अब भी चल रही है। वायरल फोटोज से पता चलता है कि नेचर की बाधाओं को पार करते हुए शूटिंग पूरे जोश के साथ आगे बढ़ रही है।



## लोन ऐप के डेटा से सबसे ज्यादा धोखाधड़ी

नई दिल्ली । देश के करीब 14 फ़ीसदी लोग ऑनलाइन ऐप के माध्यम से कर्ज लेने के लिए विवश है। इनमें से 58 फ़ीसदी कर्जदारों को 25 फ़ीसदी से ज्यादा ब्याज चुकाना पड़ रहा है।इसके साथ ही लोन प्रक्रिया के दौरान जिस तरह से ऑनलाइन डेटा मांगा जाता है। उसके बाद उनके साथ धोखाधड़ी भी सबसे ज्यादा हो रही है। होम क्रेडिट इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार 65 फ़ीसदी ऑनलाइन कर्जदार डेटा प्राइवेसी के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। लोन लेने के लिए वह अपनी सारी निजी जानकारी उपलब्ध कराते हैं। उसके बाद ठगी का शिकार हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है, कि 50 फ़ीसदी लोगों के पास व्हाट्सएप के माध्यम से लोन के ऑफर आए थे। जल्द लोन मिलने के नाम पर लोग मुसीबत में बिना सोचे समझे अपनी जानकारियां साझा कर देते हैं।उन्हें ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दिए गए लोन की शर्तों के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। जिसके कारण वह भारी ब्याज और जुर्माने का शिकार भी होते हैं।लोन एप के माध्यम से आम आदमी धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं।

## मनोज जरांगे ने फिर भरी हुंकार....18 या 19 फरवरी को मुंबई जाएंगे

मुंबई । आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार की कुनबी मराठाओं के रक्त संबंधियों संबंधी मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने की मांग पर दबाव बनाने के लिए वह 18 या 19 फरवरी को मुंबई जाएंगे। इसके एक दिन पहले महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने कहा था कि मराठा समुदाय की आरक्षण और अन्य मांगों पर चर्चा के लिए 20 फरवरी को राज्य विधानसभा का एक विशेष सत्र आयोजित होगा। जिसके बाद जरांगे की यह टिप्पणी आई है। मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में शामिल करने की मांग को लेकर जरांगे ने जालना जिले के अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती गांव में छठे दिन अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखा। जरांगे के एक करीबी ने बताया कि उनकी (जरांगे) स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ गई है। जरांगे ने कहा, कुनबी मराठाओं की रक्त संबंधी मसौदा अधिसूचना को लागू करने को लेकर दबाव बनाने के लिए मैं 18 या 19 फरवरी को मुंबई जाऊंगा। जरांगे के स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे मराठा कार्यकर्ता किशोर मरकड ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों को उनसे (जरांगे) बात करनी चाहिए और अधिसूचना को लागू करने का आश्वासन देना चाहिए। जरांगे को बुधवार शाम को प्रदर्शन के दौरान आईवी फ्लूइड दिया गया। बिना जानकारी के आईवी फ्लूइड लगाए जाने से गुस्साए जरांगे ने कहा कि अगर सरकार उन्हें चिकित्सा उपचार प्रदान करना चाहती है, तब उन्हें तुरंत मराठा आरक्षण लागू करना चाहिए नहीं, तब वह फिर से विरोध प्रदर्शन के दूसरे दौर के लिए मुंबई जाएंगे।

## चाइनीज मांझा से 38 साल के शख्स की कट गई गर्दन, मौत

सहारनपुर । चायनीज मांझा ने एक शख्स की जान ले ली है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के कुतुबशेर थाना क्षेत्र में चीनी मांझा, पतंग की डोरी से गला कटने के बाद 38 साल के एक शख्स की मौत हो गई। गौरतलब है कि चीनी मांझा पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाले धागे में लगाया जाता है। इसमें कांच की कोटिंग का इस्तेमाल होता है, जो कई बार इंसानों और पक्षियों के लिए जानलेवा साबित होता है। हालांकि यूपी सरकार ने 2017 में कांच की परत वाली पतंगों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। मृतक की पहचान अतुल शर्मा के रूप में हुई है। इस मामले में शहर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बुधवार शाम की है जब कुतुबशेर पुलिस स्टेशन में एक व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी। वह शख्स शारदा नगर फ्लाईओवर पर एक तार से घायल हो गया था। एएसपी ने कहा कि घायल व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि पूछताछ के दौरान मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा अतुल शर्मा घर से अपनी मोटरसाइकिल से सामान लेने बाजार जा रहा था और जब वह शारदा नगर फ्लाईओवर पर पहुंचा तो एक तार उसके गले में फंस गया। पुलिस ने कहा कि जिले में चाइनीज मांझे की छापामारी की जा रही। अब तक पुलिस ने लगभग छह दुकानदारों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। पुसिल ने उनके कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के 52 बंडलों को जब्त किया है।

## पत्नी की हत्या करके कटा सिर लेकर घूमता रहा शख्स, लोग आए दहशत में

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के पटाशपुर में एक वीभत्स कांड देख लोग सिंहर उठे। दरअसल एक शख्स ने पत्नी की हत्या कर दी और कटा हुआ सिर लेकर होटल पर पहुंच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को यह चौंकाने वाली घटना सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी गौतम गुचैत ने पहले अपनी पत्नी फूलरानी गुचैत की देसी कुल्हाड़ी से सिर काटकर हत्या कर दी और फिर कटा हुआ सिर और हत्या में प्रयुक्त हथियार लेकर अपने घर से बाहर आ गया। फिर वह एक स्थानीय चाय की दुकान पर पहुंचाफ इसके बाद एक बेंच पर बैठ गया और कटे हुए सिर और कटलेट को अपने दोनों तरफ रख लिया। एक ग्रामीण ने कहा, कि वह इतने हिंसक मूड में था कि किसी को भी उसके पास जाने की हिम्मत नहीं हुई। अंत में पाटशपुर पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची और गुचैत को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाद में पता चला है कि पेशे से फेरीवाला गुचैत का पिछले कुछ समय से अपनी पत?नी के साथ परेशानी भरा रिश्ता बिता रहा था, क्योंकि उसे उस पर विवाहेतर संबंध होने का शक था। गुचैत का इस शादी से एक नाबालिग बेटा है जो पहली कक्षा में पढ़ता है। पुलिस ने कटे हुए सिर और हत्या में इस्तेमाल हथियार को इकट्ठा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने पूछताछ के लिए आरोपी के माता-पिता को भी हिरासत में लिया है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि गुचैत की दिमागी हालत ठीक नहीं है। दरअसल मार्च 2021 में कोलकाता के अलीपुर जूलॉजिकल गार्डन में शेर के पिंजरे में घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सौभाग्य से उस समय वह मामूली चोटों के बावजूद बच गया था।

## भाजपा को मिला कांग्रेस से 10 गुना ज्यादा चंदा, बसपा को 20 हजार से ज्यादा नहीं

### –एडीआर ने जारी किए पार्टियों को मिले डोनेशन के आंकड़े, सबसे ज्यादा दिल्ली फिर गुजरात को मिला

नई दिल्ली । वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय जनता पार्टी को चंदे के रूप में सर्वाधिक राशि प्राप्त हुई है। यह खुलासा एडीआर की एक रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है ?कि भाजपा द्वारा घोषित चुनावी चंदा इसी अवधि के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और सीपीआईएम (सीपीआईएम) द्वारा घोषित कुल चंदे से पांच गुना अधिक है। यहां बता दें कि एनपीपी नॉर्थईस्ट की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसे राष्ट्रीय दल का दर्जा मिला हुआ है। जानकारी के अनुसार भाजपा को 2022-23 में लगभग 720 करोड़ रुपये का इलेक्टोरल डोनेशन (चुनावी चंदा) मिला। यह आंकड़ा चार अन्य राष्ट्रीय दलों- कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, सीपीआई-एम और नेशनल पीपुल्स पार्टी को प्राप्त कुल चुनावी चंदे से पांच गुना अधिक है। चुनावी और राजनीतिक सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी एक रिपोर्ट में ये आंकड़े जारी किए हैं। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, वितीय वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय दलों को जिसमें 20,000 रुपये से अधिक की रा?शि शा?मिल है, 850.438 करोड़ रुपए के कुल 12,167 डोनेशन प्राप्त हुए हैं। वहीं देश की छठी राष्ट्रीय पार्टी, बहुजन समाज पार्टी ने बताया कि उसे वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 20,000 रुपये से अधिक का कोई चंदा नहीं मिला। इलेक्शन कमीशन में रजिस्टर्ड पॉलिटिकल पार्टी के लिए एक फाइनेंशियल ईयर में उसे प्राप्त 20,000 रुपये से अधिक के इलेक्टोरल डोनेशन का खुलासा करना अनिवार्य कर ?दिया है। चंदे की रा?शि को लेकर भाजपा ने बताया कि उसे 7,945 डोनेशन से 719.858 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। कांग्रेस के मुताबिक उसे 894 डोनेशन से 79.924 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। भाजपा द्वारा घोषित चुनावी चंदा इसी अवधि के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और सीपीआईएम (सीपीआईएम) द्वारा घोषित कुल चंदे से पांच गुना अधिक है। यहां बता दें कि एनपीपी नॉर्थईस्ट की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसे राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त है। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि राष्ट्रीय पार्टियों को दिल्ली से कुल 276.202 करोड़ रुपये का चंदा मिला, इसके बाद गुजरात से 160.509 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र से 96.273 करोड़ रुपये का चंदा मिला।

# भाजपा की सरकार के रहते गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा : योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर (एजेंसी)।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भाजपा की सरकार के रहते गरीबों को कोई भी उजाड़ नहीं पाएगा। योगी ने कहा कि यदि किसी ने ऐसा दुस्साहस किया भी तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी साथ ही जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें ?कि मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री बैठे हुए लोगों तक खुद पहुंचे। उन्होंने सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। सीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

सीएम ने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। योगी ने कहा कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने एस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध की और भी ध्यान दिलाया।

## रायबरेली की जनता को सोनिया का भावुक खत....आपके बिना दिल्ली में मेरा परिवार अधूरा

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला देकर गुरुवार को घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। सोनिया गांधी ने कहा कि स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के कारण मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस फैसले के बाद मुझे सीधे तौर पर आपकी सेवा करने का मौका नहीं मिलेगा, लेकिन निश्चित तौर पर मेरा दिल और आत्मा हमेशा आपके साथ रहेगी। रायबरेली की जनता को लिखे भावुक पत्र में सोनिया ने कहा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। उन्होंने कहा कि रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गाँधी को यहाँ से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गाँधी को रायबरेलीवालों ने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। सोनिया ने कहा कि इसी रोशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आँचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है।

# लोकसभा चुनाव के लिए पार्टियों ने रखा 2000 करोड़ का बजट

### –बजट का 55 फीसदी हिस्सा डिजिटल मीडिया व विज्ञापन पर होगा खर्च




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में आम चुनाव दस्तक देने वाले हैं। फिलहाल, लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। लेकिन, सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार और विपक्ष दलों ने आगामी चुनाव के लिए कमर कस ली है। राजनीतिक दलों की तैयारी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस लोकसभा चुनाव में विभिन्न पार्टियां 1500 से 2000 करोड़ रुपये प्रचार पर खर्च कर सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एडवरटाइजिंग इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने यह दावा किया है। ग्रुप एम साउथ एशिया के सीईओ प्रशांत कुमार ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दल 1500 से 2000 करोड़ रुपये इलेक्शन कैंपेन पर खर्च कर सकती हैं। ऐसे में प्रचार-प्रसार से जुड़ी इंडस्ट्री और लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। बताया जा रहा है कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार बजट का 55 फीसदी हिस्सा डिजिटल मीडिया व विज्ञापन पर और 45 प्रतिशत हिस्सा अन्य चुनावी प्रचार तंत्र पर खर्च करेंगी। वहीं कुनाल लालानी ने कहा कि मुझे लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनावों के प्रचार पर खर्च होने वाली रकम 2019 के इलेक्शन से काफी ज्यादा होगी।

उन्होंने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस पार्टी मुख्य रूप से चुनावी प्रचार-प्रसार पर ज्यादा पैसा खर्च करेंगी, जबकि क्षेत्रीय राजनीतिक दल का चुनावी बजट ज्यादा नहीं होगा। राजनीतिक दलों ने विभिन्न मीडिया हाउसेज से चुनाव प्रचार के संबंध में बातचीत कर रही हैं। एक अन्य अधिकारी का कहना है कि अकेले प्रिंट मीडिया, जिसमें अखबार, मैगजीन आते हैं, आदि को राजनीतिक दलों से 300 से 350 करोड़ के विज्ञापन मिलेंगे। शिवकुमार सुंदरम ने कहा कि पिछले साल 5 राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार पर 250 करोड़ रुपये खर्च किए थे। हैरानी की बात है कि 2019 में इलेक्शन कैंपेन पर सिर्फ 200 करोड़ रुपये खर्च हुए थे।

## चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राहुल गांधी, खड़गे और जयराम रमेश ने किया स्वागत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बांड को असंवैधानिक बताने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। श्री खडगे ने कहा चुनावी बांड योजना को शुरु करने के दिन कांग्रेस ने अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताकर 2019 के घोषणा पत्र में पार्टी ने मोदी सरकार की संदिग्ध योजना को खत्म करने का वादा किया था। हम आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं, जो कि मोदी सरकार की इस काला धन को सफेद करने की योजना को असंवैधानिक बताकर रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा हमें याद है कि कैसे मोदी सरकार ने भाजपा का खजाना भरने के लिए हर संस्थान रिजर्व बैंक, चुनाव आयोग, संसद और विपक्ष पर बुलडोजर चला दिया था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इस योजना के तहत 95 प्रतिशत फंडिंग भाजपा को मिली।

वहीं राहुल गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है। भाजपा ने इलेक्टोरल बॉण्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गई है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार की काफी प्रचारित-प्रसारित चुनावी बॉन्ड योजना को संसद द्वारा पारित कानूनों के साथ-साथ भारत के संविधान का भी उल्लंघन माना है। चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक करार देने का फैसला स्वागत योग्य है। इस फैसले की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। मोदी सरकार चंदादाताओं को विशेष तरह के अधिकार और छूट दे रही है जबकि अन्नदाताओं के साथ अन्याय पर अन्याय करती जा रही है। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इस बात पर भी ध्यान देगा कि चुनाव आयोग लगातार वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल-वीवीपैट के मुद्दे पर राजनीतिक दलों से मिलने से इंकार कर रहा है। यदि मतदान प्रक्रिया में सब कुछ पारदर्शी और साफ है, तब फिर समय न देने की जिंद क्यों।

## बूढ़े हो रहे जापान को पछाड़कर दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा युवा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उगाते हुए सूरज का देश कहजाने वाले जापान के सामने अपनी बूढ़ी हो चुकी आबादी का बड़ा संकट है। इसकारण बूढ़ी'हो रही जापानी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त पड़ गई है, जिसका सीधा फायदा भारत को मिलने वाला है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि जापान की अर्थव्यवस्था अब चौथे पायदान पर खिसक गई है, जहां पहले जर्मनी काबिज था। इसका सीधा मतलब हुआ कि अब जर्मनी तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया और जापान चौथे पायदान पर पहुंच गया है। लेकिन, भारत की रफ्तार इन दोनों से ही ज्यादा है और जल्द ही वह दोनों देशों को पीछे छोड़ तीसरे पायदान पर पहुंच जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, जापान की विकास दर अभी 1.2 फीसदी है, जो पिछले साल तक निगेटिव में जा रही थी। अगर डॉलर के टर्म में देखी जाए तब इसकी अर्थव्यवस्था जर्मनी से पीछे चली गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह जापानी मुद्रा येन में गिरावट और तेजी से बूढ़ी होती जनसंख्या को बताया जा रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान और पुख्ता हो गया है कि जल्द ही भारत दोनों देशों को पीछे छोड़ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

एक वक्त जापान दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ जा रहा था। जब साल 2010 में चीन ने जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा और दूसरे पायदान पर आ गया। आज चीन की इकनॉमी जापान के मुकाबले 4 गुना बढ़ चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार जापान की इकनॉमी अभी 4.2 लाख करोड़ डॉलर की है, जो 2012 में 6.3 लाख करोड़ डॉलर की थी। इस दौरान जापानी मुद्रा येन भी डॉलर के मुकाबले 80 से गिरकर 141 पहुंच गई है। इसके मुकाबले अगर जर्मनी की जीडीपी देखी जाए तब आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार, यह अभी करीब 5 लाख करोड़ डॉलर है। जापान की जीडीपी जहां सुस्त रफ्तार से आगे बढ़ रही है, वहीं जर्मनी की ग्रोथ स्थिर बनी हुई है। साल 2028 तक जापान 5 लाख करोड़ डॉलर के आसपास रहेगा, तब जर्मनी इससे थोड़ा ऊपर पहुंच सकता है। अगर भारत से तुलना करने तब दोनों ही देशों के तमाम ग्रोथ आंकड़े काफी सुस्त नजर आ रहे हैं। आईएमएफ के आंकड़े भी साफ बता रहे हैं कि भारत की ग्रोथ इन दोनों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। लिहाजा साल 2026 में पहले जापान को पीछे छोड़ हम चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और फिर 2027 में जर्मनी को पछाड़कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

## संदेशखाली में आरएसएस के बंकर, बाहरियों को लाकर दंगे करवा रही भाजपा : ममता बनर्जी



**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि संदेशखाली में बाहर से आकर बीजेपी के कार्यकर्ता मास्क पहनकर बयान दे रहे हैं। वहां टारगेट एसके शाहजहां था। ईडी ने सबसे पहले शाहजहां को निशाने पर लिया। संदेशखाली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बंकर हैं। वहां, पहले भी दंगे हो चुके हैं।

पश्चिम बंगाल के संदेशाखली में टीएमसी कार्यकर्ताओं पर महिलाओं के साथ यौन अत्याचार के आरोप लगे। मामले में अब मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ निशाना साधा है। ममता ने प्रताड़ना पर कहा कि संदेशखाली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बंकर हैं। वहां, पहले भी दंगे हो चुके हैं। बंगाल की विधानसभा में उन्होंने कहा कि संदेशखाली में बाहर से आकर बीजेपी के कार्यकर्ता मास्क पहनकर बयान दे रहे हैं। बीजेपी पर आरोप लगाकर ममता ने कहा कि संदेशखाली में बीजेपी बाहर से लोगों को ला रही है। इस मामले में हमारी सरकार ने एक्शन लेकर एक कमेटी बनाई है।

केंद्र पर निशाना साधकर ममता ने कहा कि दिनाजपुर में बीएसएफ की लापरवाही के कारण चार बच्चों की मौत हो गई। लेकिन केंद्र सरकार ने इसकी जांच के लिए अपनी कोई टीम नहीं भेजी। क्या केंद्र सरकार इस सवाल का जवाब देगी। उन्होंने कहा कि बीएसएफ का काम सीमा की निगरानी करना है, बीजेपी कार्यकर्ताओं की तरह काम करना नहीं। यहां बीजेपी के कैंपों पर बीएसएफ तैनात है।

बता दें कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए डीआईजी रैंक की महिला आईपीएस अधिकारी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय टीम बना दी है। टीम संदेशखाली का दौरा कर उन महिलाओं से बात करेगी, जिन्होंने आरोप लगाया है कि उनके साथ यौन उत्पीड़न किया गया।

संदेशखाली मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा था कि संदेशखाली की हिंदू महिलाएं मदद मांग रही हैं। टीएमसी नेता शेख शाहजहां कहां हैं। ममता और उनकी सरकार ने कभी उन गुंडों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। ईरानी ने दावा किया था कि महिलाओं के साथ हुए अत्याचार पर पुलिसकर्मी भी मूकदर्शक बने रहे। संदेशखाली में हाल के दिनों में स्थानीय टीएमसी नेता शेख शाहजहां के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया है। महिलाओं ने शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन अपनी जमीनें हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

### अब ममता बनर्जी और केजरीवाल बना सकते हैं अपना अलग गुट !

कोलकाता। भाजपा को टक्कर देने के लिए खड़ा हुआ महागठबंधन अब अंतिम सांसे गिनता दिख रहा है। सबकी अपनी अपनी राय है और अपनी मर्जी से खुद ही निर्णय ले रहे हैं, कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है। इसी बीच खबरें आ रहीं है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपना अलग गुट बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 21 फरवरी यानी अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पंजाब का दौरा कर सकती हैं। यह भी पता चला है कि इस कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि, वह पंजाब का दौरा क्यों कर रही हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री 21 फरवरी को पंजाब का दौरा करेंगी। उन्हें वहां स्वर्ण मंदिर जाना है। वह पंजाब में आप नेताओं के साथ बैठक कर सकती हैं। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका बदल गई है। आप और तृणमूल ने कुछ बिंदुओं पर नीतिगत गठबंधन कर लिया है। एक तरफ जहां तृणमूल ने पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, वहीं आप ने पंजाब में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की बात कही है। कांग्रेस पहले ही बार-बार अपने सुर नरम कर चुकी है। उधर, ममता बनर्जी ने बार-बार क्षेत्रीय दलों से लोकसभा चुनाव लड़ने का आह्वान किया है। राष्ट्रीय राजनीति में ममता बनर्जी की अहमियत एक बार फिर बढ़ गई है।

# मोदी का ग्राफ नीचे लाना है...! कथित किसान नेता का वीडियो हुआ वायरल

### –राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लोकप्रियता में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल किसान संगठनों में से एक भारती किसान यूनियन (एकता सिधूपुर) के प्रमुख जगजीत सिंह डल्लेवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बयान दिया है, जिससे उनके विरोध की मंशा पर सवाल उठ सकते हैं। वीडियो सामने आया है जिसमें डल्लेवाल कह रहे हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ नीचे लाने के लिए किसानों का विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है। यह वीडियो कुछ दिन पहले तब सामने आया था जब किसान अपना विरोध प्रदर्शन शुरू करने वाले थे। दल्लेवाल ने कहा कि राम मंदिर के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ बहुत ऊपर चला गया है...बहुत कम समय है...उनके ग्राफ को कैसे नीचे लाया जा सकता है। डल्लेवाल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि यह एक राजनीतिक बयान है। क्या इतना बड़ा विरोध प्रदर्शन होने पर लोग पीएम मोदी का समर्थन करना बंद कर देंगे? जनता में यह संदेश प्रसारित हो रहा है कि यह विरोध का सही तरीका नहीं है। खट्टर ने अपनी मांगों को दबाने के लिए किसानों द्वारा अपनाए गए तरीके की आलोचना कर कहा कि वे आक्रामक सेना की तरह दिल्ली की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान एक सेना की तरह ट्रैक्टर-ट्रॉली, अर्थ-मूवर्स और एक साल के लिए राशन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पंजाब-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच जारी गतिरोध के मध्य तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं से एक फिर वार्ता करेगी। कृषि व किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान नेताओं से मुलाकात करेगी। यह दोनों पक्षों के बीच तीसरे चरण की वार्ता होगी। आठ और 12 फरवरी को हुई पहले दो चरण की वार्ता बेनतीजा रही थी।



## नवलनी की मौत, ब्रिटिश सरकार ने रूसी दूतावास को बुलाया

लंदन । ब्रिटिश सरकार ने कहा कि वह यह स्पष्ट करने के लिए रूसी दूतावास को बुला रही है कि वह विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के लिए रूसी अधिकारियों को पूरी तरह से जिम्मेदार मानती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आर्कटिक दंड कॉलोनी में नवलनी की मौत की पूरी तरह से और पारदर्शी तरीके से जांच की जानी चाहिए। ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नवलनी की मौत के लिए जवाब देना चाहिए। हमें इसके लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराना चाहिए। विदेश मंत्री कैमरन ने म्यूनिख में कहा, क्योंकि मेरे मन में कोई संदेह नहीं है, यह व्यक्ति भ्रष्टाचार के खिलाफ, न्याय के लिए, लोकतंत्र के लिए एक बहादुर सेनानी था। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी नवलनी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें रूसी लोकतंत्र का सबसे उग्र वकील कहा। रूसी जेल सेवा ने कहा कि रूस के सबसे प्रमुख विपक्षी नेता नवलनी शुक्रवार को पोलर वुल्फ दंड कॉलोनी में टहलने के बाद गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई, जहां वह लंबी जेल की सजा काट रहे थे।

## कच्चा तेल लेकर भारत जा रहे टैंकर पर लाल सागर में हमला

पनामा (ईएमएस)। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि कच्चा तेल लेकर भारत जा रहे पनामा के झंडे वाले एक टैंकर पर लाल सागर में एक मिसाइल से हमला हुआ। विदेश विभाग के अनुसार, यमन से लांच की गई मिसाइल ने एम/टी पोलक्स को इसके बंदरगाह की ओर मारा। इससे पहले यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) एजेंसी और ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा फर्म एंब्रे ने कहा था कि पनामा-ध्वजांकित टैंकर को यमन से दूर मोखा बंदरगाह के उत्तर-पश्चिम में 72 समुद्री मील (133 किमी) की दूरी पर टक्कर मार दी गई थी। एंब्रे ने कहा कि जहाज...कथित तौर पर मामूली क्षति हुई है। चालक दल के सुरक्षित होने की खबर है। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय नौवहन पर अराजक हमलों का एक और उदाहरण है, जो हौथिस को बंद करने के लिए कई संयुक्त और अंतरराष्ट्रीय बयानों के बाद भी जारी है। एम/टी पोलक्स 24 जनवरी को रूस के काला सागर बंदरगाह शहर नोवोरोस्सिय्स्क से रवाना हुआ था और 28 फरवरी को उस भारत के पारादीप में छुट्टी मिलनी थी। इंडियन ऑयल कंपनी की पूर्वी ओडिशा राज्य के पारादीप में 300,000 बैरल प्रति दिन (बीपीडी) तेल रिफाइनरी है। जहाज का स्वामित्व ओशनफ्रंट मैरीटाइम कंपनी एसए के पास है और इसका प्रबंधन सी ट्रेड मरीन एसए द्वारा किया जाता है। उन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। एंब्रे ने कहा कि एम/टी पोलक्स के उत्तर-पूर्व में तीन समुद्री मील की दूरी पर एक अन्य जहाज को टैंकर से दूर, बंदरगाह की ओर रास्ता बदलते हुए देखा गया।

## जापान ने नया एच3 रॉकेट का किया परीक्षण

टोक्यो। जापान ने शनिवार को नया फ्लैगशिप एच3 रॉकेट का परीक्षण किया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएक्सए) इसला लाइव फीड सोशल मीडिया में शेयर किया है। यान को शनिवार सुबह कागोशिमा के दक्षिण-पश्चिमी प्रान्त में तनेगाशिमा द्वीप पर तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से परीक्षण किया गया। इसके दूसरे चरण के पृथक्करण की पुष्टि की गई है। उल्लेखनीय है कि पहले इसे गुरुवार को परीक्षण करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन खराब मौसम की स्थिति के कारण इसे पुनर्निर्धारित किया गया था। इससे पहले मार्च 2023 में इसका परीक्षण विफल रहा था। उस समय रॉकेट के दूसरे चरण का इंजन प्रज्वलित होने में विफल रहा था।

## अमेरिकी सेना ने 24.9 डॉलर ऑर्डर का ठेका दिया

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा विभाग ने वर्जीनिया स्थित रक्षा, विमानन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं बायोमेडिकल अनुसंधान कंपनी लेइडोस को स्वचालित इंस्टालेशन एंट्री सिस्टम प्रदान करने के लिए लगभग 25 करोड़ डॉलर का ठेका दिया है। अमेरिका के रक्षा विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, लेइडोस वर्जीनिया को ऑटोमेटेड इंस्टालेशन एंट्री सिस्टम के लिए 24.9 करोड़ डॉलर का ठेका दिया गया है।रक्षा विभाग ने कहा कि अनुबंध पर काम आठ फरवरी, 2030 की अनुमानित समाप्ति तिथि के साथ लगभग छह साल तक का है। रक्षा विभाग ने कहा कि अमेरिकी राज्य मैरीलैंड के एबरडीन में आर्मी प्रोविंग ग्राउंड्स में स्थित आर्मी कॉन्ट्रैक्टिंग कमांड अनुबंध गतिविधि के रूप में परियोजना पर काम की देखरेख करेगी।

## ब्रिटेन में हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा

लंदन। लंदन की एक अदालत ने एक महिला की हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संदीप पटेल (51) को 1994 में लंदन के वेस्टमिंस्टर इलाके में मरीना कोप्पेल नामक महिला के फ्लैट पर उन्हें कम से कम 140 बार चाकू मारकर उनकी हत्या करने का दोषी पाया गया और शुक्रवार को शहर की ओल्ड बेली अदालत में सजा सुनाई गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि उसकी फोरेंसिक टीम कोप्पेल की अंगूठी पर मिले पटेल के बाल की बारीकी से जांच कर उसे न्याय के कटघरे में ले आई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के ऑपरेशनल फॉरेंसिक मैनेजर और पुराने हत्या मामलों की जांच के लिए फॉरेंसिक प्रमुख डेन चेस्टर ने कहा, 'फोरेंसिक वैज्ञानिकों, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों, फोरेंसिक मैनेजर और जांच टीम की कड़ी मेहनत से मरीना की हत्या की गुत्थी सुलझ पाई है।'

## पाकिस्तान में प्रमुख तालिबान कमांडर सहित सात आतंकवादी गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने शनिवार को एक प्रमुख तालिबान कमांडर समेत सात आतंकवादियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया। पाकिस्तान की पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि उसने प्रांत के विभिन्न जिलों में खुफिया जानकारी पर आधारित कई अभियान चलाए और सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के पास से हथियार, विस्फोटक और अन्य प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गयी है। उन्होंने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक प्रमुख कमांडर हसनैन मोआविया को लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर बहावलपुर में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अन्य आतंकवादी प्रतिबंधित संगठनों - टीटीपी, अल-कायदा और लश्कर-ए-झांगवी से संबंधित थे। आतंकवादियों के पास से एक हथगोला, 3,048 ग्राम विस्फोटक, दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), छह डेटोनेटर और प्रतिबंधित साहित्य बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादियों ने प्रांत में हमला करने की योजना बनाई थी और वे उन शहरों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना चाहते थे। यहीं से उन्हें गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आतंकवादियों के खिलाफ सात मामले दर्ज किए हैं और उन्हें आगे की जांच के लिए अज्ञात स्थान पर भेज दिया गया है।

## जेल में बंद पूर्व थाई पीएम थाकसिन रविवार को होंगे रिहा

बैंकॉक,। थाई प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को 18 फरवरी को रिहा किया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, न्याय विभाग ने कहा कि 74 वर्षीय थाकसिन इस महीने पैरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पैरोल के पात्र हैं क्योंकि उनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। थाकसिन को 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त कर अगस्त 2023 में थाईलैंड लौटने पर हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई। हालाँकि, स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें जल्द ही बैंकॉक जेल से अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया और तब से वह अस्पताल में ही हैं। पिछले सितंबर में थाई राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने थाकसिन के शाही क्षमादान के अनुरोध के बाद उनकी जेल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया था।



बुडापेस्ट में देश के राष्ट्रपति कातालिन नोवाक और पूर्व न्याय मंत्री जुडिट वर्गा के इस्तीफे के बाद एक प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

## संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद को लेकर भारत ने पांच देशों को सुनाई खरी-खरी

जिनेवा । संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद को लेकर भारत ने फिर अपना पक्ष जोरदार तरीके से रखा है। यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमूलचूल परिवर्तन हों। इसके अलावा स्थायी और अस्थायी दोनों सदस्यों का विस्तार करे। न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद सुधार के मुद्दे पर कंबोज ने अपनी मांग रखी। बता दें कि भारत सहित कई देश हैं, जो कि सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। हालांकि चीन जैसे देश में नहीं चाहते कि इसमें कोई सुधार हो। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से ही 5 स्थायी सदस्यों का ही संयुक्त राष्ट्र में दबदबा रहा है। इसमें चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। इसकारण कई बार ज्यादा देशों की बात को अनदेखा किया जाता है। इसी मामले को लेकर फिर भारत ने पांचों देशों को जमकर लताड़ा है। भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि इन पांच स्थायी देशों की वजह से बाकी 188 देशों की सहमति या असहमति को तवज्जो नहीं दिया जाता है। कंबोज ने कहा, समावेशी विश्व को ध्यान में रखते हुए अब सुधार बहुत जरूरी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केवल अस्थायी सदस्यों के विस्तार करने से समस्या का हल नहीं निकलेगा। सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र में समान अवसर मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों के साथ अब तक अन्याय होता रहा है। ऐसे में अब एशियाई और अफ्रीकी देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जगह देनी जरूरी हो गई है। जब तक कमजोर देशों को भी अपनी बात रखने और उनके विचार को महत्व नहीं दिया जाएगा तब तक सबके हित में फैसले नहीं हो सकते है।

# संयुक्त अरब अमीरात और कतर के पड़ोसी देश ने भारत से क्यों लिया करोड़ों का गोबर?

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संयुक्त अरब अमीरात और कतर दौरे ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। मुस्लिम देशों में भारत की ताकत बढ़ती जा रही है। ओमान हो या सऊदी अरब, कतर हो या ईरान सभी भारत के साथ बड़े-बड़े समझौते कर रहे हैं। लेकिन आपको एक और मुस्लिम देश कुवैत के बारे में बताते हैं। कुवैत कुछ समय से भारत के साथ ऐसा व्यापार कर रहा है जो आपको हैरान कर देगा। कुवैत भारत से लाखों किलों गोबर खरीद रहा है। भारत लगातार कुवैत को गोबर बेचे भी जा रहा है।



कुवैत के कृषि वैज्ञानिकों ने खजूर की खेती में गाय के गोबर को बहुत फायदेमंद पाया है। खजूर की फसल पर इसके सकारात्मक असर दिखने पर गोबर की मांग बढ़ी। इसके बाद कुवैत ने भारत से गाय का गोबर आयात करने का फैसला किया है। इससे पहले वैश्विक खाद्य संकट के बीच कुवैत ने भारत से गेहूं भेजने का अनुरोध किया था। अब कुवैत ने अपने देश में खजूर की फसल को बढ़ाने के लिए भारत से लाखों किलो गोबर खरीदना शुरू कर दिया।

भारत में गोबर के उपले का इस्तेमाल ईंधन के रूप में किया जाता है। चीन और ब्रिटेन में बिजली और गैस बनाने में भी गोबर का इस्तेमाल होता है। हालांकि लंबे समय से गोबर का इस्तेमाल खाद के तौर पर किया जाता रहा है। जिससे पैदावार पर बड़ा असर पड़ता है। भारत में लंबे समय से गोबर का इस्तेमाल गैस और ईंधन के तौर पर किया जा रहा है। भारत में लगभग 30 करोड़ मवेशी हैं। जिनसे हर रोज लगभग 30 लाख टन गोबर का उत्पादन होता है।

## फर्जीवाड़े में फंसे ट्रंप- कोर्ट ने ठोका 29 हजार करोड़ का जुर्माना



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रहीं हैं। हाल ही में न्यूयॉर्क की एक अदालत के जज ऑर्थर एन्गोरोन ने धोखाधड़ी केस में ट्रम्प और उनकी कंपनियों पर लगभग 355 मिलियन डॉलर यानी 29.46 हजार करोड़ रुपये के दंड भुगतान करने का आदेश दिया है।अदालती आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प को जुर्माने की उस राशि पर लाखों डॉलर का ब्याज भी देना होगा। इसके अलावा अदालत ने डोनाल्ड ट्रम्प पर न्यूयॉर्क कॉरपोरेशन में किसी अधिकारी या निदेशक के रूप में कार्य करने पर भी रोक लगा दिया है। कोर्ट ने कहा है कि ट्रम्प राज्य में तीन साल के लिए दूसरी अन्य कानूनी संस्थाओं में भी कोई पद नहीं संभाल सकते हैं और साथ ही अपनी किसी भी रजिस्टर्ड कंपनी के लिए किसी भी वित्तीय संस्थान से लोन के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने ट्रम्प के दोनों बेटों, डोनाल्ड जूनियर और एरिक- जो 2017 से ही ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन का जिम्मा संभाल रहे हैं, पर भी जुर्माना लगाया है। दोनों बेटों को धोखाधड़ी से व्यक्तिगत लाभ अर्जित करने के आरोपों पर 4 मिलियन डॉलर यानी 33.19 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा कोर्ट ने इन दोनों को दो साल तक ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन में अधिकारी के रूप में काम करने पर भी रोक लगा दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने कर्जदाताओं को धोखा दिया है और अपनी कंपनियों की संपत्ति मूल्य को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। मैनहट्टन कोर्ट के 90 पन्नों के इस फैसले की वजह से डोनाल्ड ट्रम्प का रियल एस्टेट साम्राज्य खतरे में आ गया है। कोर्ट में इस केस की सुनवाई करीब तीन महीने से चल रही थी।

## पाक चुनाव : पीएमएल-एन ने अमेरिकी हस्तक्षेप की मांग को लेकर पीटीआई की आलोचना की

लाहौर। पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएल-एन) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित 'धांधली' के मामले में अमेरिका से हस्तक्षेप करने की मांग को लेकर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी की आलोचना की है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन ने कहा, 'यह पाकिस्तान की संप्रभुत्ता के खिलाफ है।' पीएमएल-एन नेता मरियम औरंगजेब ने अमेरिका को आमंत्रित करने के लिए खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को आड़े हाथ लिया। खान ने बृहस्पतिवार को अमेरिका को भेजे विशेष संदेश में कहा कि उसे भूमिका निभानी चाहिए और पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई 'धांधली' के बारे में चिंता व्यक्त करनी चाहिए। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की वेबसाइट पर शुक्रवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक मरियम ने पार्टी नेता अताउल्लाह तरार के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खान द्वारा अमेरिका को देश के चुनावों में हस्तक्षेप करने के लिए आमंत्रित करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, 'बिल्कुल नहीं, हम गुलाम नहीं हैं! यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ है।' 'द न्यूज इंटरनेशनल' के अनुसार, पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ अमेरिकी मदद मांगने के लिए पीटीआई की आलोचना की। उन्होंने याद दिलाया कि 'आपके अनुसार,अमेरिका ने साजिश रची थी और आपकी सरकार को उखाड़ फेंका था। पीटीआई ने अविश्वास प्रस्ताव के जरिए अमेरिका पर उसकी सरकार के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया।

## पाकिस्तान सेना का इमरान को प्रस्ताव, माफी मांगे और कहे अब दुबारा ऐसा नहीं होगा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद करीब एक सप्ताह का वक्त बीच चुका है, लेकिन अभी सरकार का गठन नहीं हुआ है। एक ओर नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने शहबाज शरीफ को कुर्सी पर बिठाने की तैयारी कर ली है। वहीं पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने उमर अयूब को अपना पीएम कैंडिडेट घोषित किया है। इमरान की पार्टी को इस बार सिंबल नहीं मिला था। इसकारण पार्टी ने निर्दलीय उम्मीदवारों को समर्थन दिया था, जिसमें 93 ने जीत हासिल की है। यह सबसे बड़ा आंकड़ा है, जबकि दूसरे नंबर पर नवाज शरीफ की पार्टी है, जिसने 75 सीटों पर विजय हासिल कर सकी है।



तीसरे नंबर पर पीपीपी को 54 सीटें मिली हैं। चर्चा है कि सेना की सहमति से शहबाज को ही पीएम बनने का फैसला हुआ है। इसके लिए नवाज शरीफ भी राजी हो गए हैं। इसके लिए पीएमएल-एन और पीपीपी एकजुट हो रहे हैं। वहीं इमरान की पार्टी भी अपने दांव चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक सेना ने इमरान से भी इसके लिए संपर्क किया था। उन्हें पीएम का पद इस शर्त पर ऑफर किया गया था कि वह 9 मई को हुई हिंसा को लेकर माफी मांग लें। इसके अलावा वादा करें कि सेना के खिलाफ अब कभी कोई घटना नहीं होगी और वह बयानबाजी भी नहीं करने वाले। हालांकि इस डील पर बात नहीं बन सकी है। पाकिस्तान के पूर्व डिफेंस सेक्रेटरी नईम खालिद लोधी ने डील पर चर्चा होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी है कि सेना ने इमरान से इनडायरेक्ट बातचीत की थी। इमरान को सेना की ओर से भेजे संदेश में कहा गया था कि वह मानें की 9 मई की हिंसा की साजिश उन्होंने रची थी। इसके लिए माफी मांगें और कहें कि आगे से ऐसा नहीं होगा। लोधी ने कहा कि इस पर इमरान ने कहा कि मैं उन लोगों को हटा दूंगा, जिन पर हिंसा में शामिल रहने का आरोप है। उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। लेकिन यह बात मानने से इंकार कर दिया कि उस हिंसा में उनका कोई रोल था।

## अमेरिका चुनाव: भारतवंशी के खिलाफ मैदान में उतरेंगी कमला हैरिस

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव अब और रोचक होते जा रहे हैं। यहां भारतवंशी कमला हेरिस के खिलाफ एक और भारतवंशी मैदान में हैं इसलिए यह मुकाबला और रोचक हो गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से चार बार सांसद रह चुकीं तुलसी (42) साल 2020 में राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल हुई थीं लेकिन रेस में काफी पीछे रह गई थीं। अमेरिकी संसद छोड़ने के बाद तुलसी ने 2022 में डेमोक्रेटिक पार्टी भी छोड़ दी थी। इस दौरान उन्होंने खुद को रिपब्लिकन पार्टी के अधिक करीब होने की बात कही थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारतीय मूल की पूर्व सांसद तुलसी गबार्ड के संपर्क में बने हुए हैं। दोनों के बीच विदेश नीति और रक्षा मामलों सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। लेकिन इन सबसे अधिक महत्वपूर्ण ये है कि तुलसी को रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का संभावित उम्मीदवार बनाया जा सकता है। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से चार बार सांसद रह चुकीं तुलसी (42) साल 2020 में राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल हुई थीं लेकिन रेस में काफी पीछे रह गई थीं। अमेरिकी संसद छोड़ने के बाद तुलसी ने 2022 में डेमोक्रेटिक पार्टी भी छोड़ दी थी।



इस दौरान उन्होंने खुद को रिपब्लिकन पार्टी के अधिक करीब होने की बात कही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप और उनके शीर्ष सलाहकारों ने तुलसी से विदेश नीति के बारे में बात की थी। इस दौरान यह भी चर्चा की गई कि ट्रंप के दूसरे संभावित कार्यकाल में रक्षा विभाग को किस तरह चलाया जाना चाहिए। इससे पहले तुलसी ने फॉक्स न्यूज के साथ बातचीत में बताया था कि वह 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार बनने के लिए चर्चा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा था कि मैं इस चर्चा के लिए तैयार हूं। जीवन में मेरा मिशन हमारे देश और अमेरिकी लोगों की सेवा करना है। इसके साथ ही ऐसा करने के लिए बेहतरीन तरीके खोजना है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि ट्रंप ने पिछले साल भी निजी तौर पर तुलसी से मुलाकात की थी। अगर तुलसी गबार्ड को रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जाता है। इसका मतलब है कि उनका मुकाबला सीधे तौर पर एक और भारतवंशी कमला हैरिस से होगा। कमला हैरिस इस बार भी डेमोक्रेटिक पार्टी से उपराष्ट्रपति चुनाव लड़ सकती हैं।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने द्विपक्षीय वार्ता में उठाया कनाडा का मुद्दा

बर्लिन। भारत और कनाडा के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही है। इसी बीच कनाडा में एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों में राजनयिक विवाद के बीच विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कनाडा की अपनी समकक्ष मेलानी जोली के साथ द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा स्थिति और वर्तमान वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को यहां जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। यह बैठक पिछले साल कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर द्विपक्षीय संबंधों में कड़वाहट के बीच हुई है। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2024 के मौके पर कनाडा की अपनी समकक्ष विदेश मंत्री मेलानी जोली से मुलाकात की। हमारी बातचीत स्पष्ट रूप से हमारे द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति पर केंद्रित थी। वैश्विक स्थिति पर भी सार्थक चर्चा हुई। जोली ने भी 'एक्स' पर जयशंकर के साथ मुलाकात के बारे में लिखा। उन्होंने लिखा,म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2024 में डॉक्टर एस.जयशंकर और मेरे बीच कनाडा-भारत संबंधों तथा यूक्रेन पर रूस के आक्रमण समेत वर्तमान वैश्विक मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 18 जून को निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता को लेकर 18 सितंबर को कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तनाव आ गया था।

# जेल में बंद रुसी राष्ट्रपति विरोधी नेता की संदिग्ध मौत पर बाइडेन ने पुतिन को जिम्मेदार ठहराया

**मास्को (एजेंसी)।** रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कट्टर विरोधी एलेक्सी नवलनी की अचानक मौत हो गई है। वे रुस की जेल में सजा काट रहे थे। इस मामले में यमालो-नेनेट्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट प्रशासन ने आधिकारिक बयान में बताया कि शुक्रवार को जेल में चहलकदमी के बाद नवलनी का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। नवलनी की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की भी प्रतिक्रिया आई है और उन्होंने इसके लिए सीधे तौर पर पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है।अपने बयान में बाइडेन ने कहा, आप जानते हैं, दुनिया भर के लाखों लोगों की तरह मैं भी सचमुच एलेक्सी नवलनी की कथित मौत की खबर से आश्चर्यचकित नहीं हूं बल्कि गुस्से में हूं। वह पुतिन सरकार द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार और हिंसा तथा अन्य सभी बुरे कामों के खिलाफ बहादुरी से खड़े होकर लड़ रहे थे। जवाब में पुतिन ने उन्हें गिरफ्तार कर जहर दे दिया। उस पर मनगढ़ंत अपराधों के लिए मुकदमा चलाया। उन्हें आइसोलेशन में रखा गया था। लेकिन जेल में भी एलेक्सी सच्चाई की एक सशक्त आवाज थे।

एलेक्सी नवलनी की मौत के लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराते हुए बाइडेन ने कहा, 2020 में जब उनकी हत्या का प्रयास हुआ था तो वह चाहते तो इसके बाद निर्वासन में सुरक्षित रूप से रह सकते थे, क्योंकि तब वह अपने देश में भी नहीं थे, लेकिन वह यह जानते हुए भी रूस लौट आए कि वहां या तो उन्हें कैद कर लिया जाएगा या उनकी हत्या हो सकती है। लेकिन फिर भी उन्होंने ऐसा किया क्योंकि वह अपने देश, रूस से प्यार करते थे और बहुत गहराई से विश्वास करते थे। उनकी मौत की खबर यदि सच है और मेरे पास इस पर विश्वास नहीं करने का कोई कारण नहीं है, तो रूसी अधिकारी अपनी कहानी खुद बताने जा रहे हैं। लेकिन कोई गलती न करें। नवलनी की मौत के लिए केवल पुतिन जिम्मेदार हैं।इससे पहले यमालो-नेनेट्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट प्रशासन ने आधिकारिक बयान में बताया कि शुक्रवार को जेल में चहलकदमी के बाद नवलनी का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। उन्होंने तबियत ठीक नहीं होने की जानकारी दी थी, जिसके बाद वे बेहोश हो गए थे। इसके बाद मेडिकल स्टाफ को बुलाया गया, लेकिन वह होश में नहीं आ पाए। हालांकि, अभी उनकी मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। नवली को लेकर कई बार अफवाहें भी



सामने आती रही हैं। इससे पहले 2020 में उन्हें साइबेरिया में जहर देकर मारने की भी खबर सामने आई थी। हालांकि, रूसी सरकार ने उन्हें मारने की कोशिशों से इनकार किया था। सरकार का कहा था कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उन्हें नर्व एजेंट से जहर दिया गया था।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल हुए निगम कर्मचारी, निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनो एवं कर्मचारी संघो, केंद्रीय कर्मचारी संगठनों, मजदूर किसान संगठनों के आवाहन पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का फरीदाबाद में दिखा व्यापक असर सरकारी अर्ध सरकारी निगम बोर्ड शिक्षा विभाग टूरिज्म बिजली हुड्डा विभाग परियोजनाओं में काम करने वाले मजदूर एवं कर्मचारी कल कारखानों में काम करने वाले मजदूरो व सभी कार्यालयो तथा रोडवेज में भी रहा चक्का जाम व अन्य कामकाज रहा ठप्प। यह दावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने नगर निगम मुख्यालय बीके चौक पर आज हजारों कर्मचारियों की सभा को संबोधित करते हुए किया । श्री शास्त्री ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारी मजदूर किसान एवं आम नागरिकों ने इस हड़ताल में भाग लेकर सरकार को चेतावनी दी है, कि निकट भविष्य में यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया तो सरकार के लिए मजदूर कर्मचारी किसान मिलकर संघर्ष के रूप में बड़ी चुनौती पेश करेंगे। इसके अलावा कर्मचारी संगठनों ने अपने-अपने कार्यालयो व सेक्टर 12 उपायुक्त कार्यालय सहित दर्जनों स्थानो पर हड़ताल कर विरोध सभाएं एवं प्रदर्शन किये। नगर निगम सेक्टर 12 सहित सभी विभागों में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को



अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फैडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लाम्बा ने संबोधित किया। श्री लांबा ने कहा कि 16 फरवरी की 1 दिन की हड़ताल मात्र आगाज है, सभी राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कर्मचारी मजदूर संगठन केंद्रीय कर्मचारी संगठन आन्दोलन को तेज करेंगे । हड़ताल को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह जागलान सचिव युद्ध वीर सिंह खत्री वरिष्ठ उपप्रधान बलबीर बालगोहर नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उप महासचिव सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खाडिया फेडरेशन के प्रधान रमेश जागलान बिजली यूनियन के नेता शब्बीर खान रोडवेज के नेता रविंद्र नागर मैकेनिकल वर्कर यूनियन के नेता जगदीश सहित दर्जनों नेताओं ने हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी कार्यालयो पर बैठे हडताली कर्मचारियों को संबोधित किया।

**यह है मांगे** – सरकारी क्षेत्र में कार्यरत सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को 2 वर्ष की सेवा के आधार पर नियमित करने की नीति बनाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए स्थाई काम पर स्थाई भर्ती करने, सभी वर्गों की वेतन विसंगतियां दूर करने, केंद्रीय आठवां व हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित किया जाए, समय बद्द पदोन्नति एसीपी का लाभ दिया जाए, कॉमन कॉडर में भर्ती किए गए कर्मचारियों को विभागीय कॉडरो में शामिल किया जाए, नई भर्ती पदोन्नति आदि में आरक्षण के नियमों को दृढ़ता से पालन किया जाए व बैकलॉग पूरा किया जाए, बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में नए पद सृजित किये जाए, छटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लिया जाए, पावर बिल 2023 नई शिक्षा नीति रोड सेफ्टी बिल और चारों लेबर कोड रद्द किया जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए। हड़ताल को अन्य के इलावा कर्मी नेता देवी चरण शर्मा मनोज शर्मा शहाबुद्दीन अतर सिंह भडाना शक्ति सिंह शिव कुमार श्रीपाल मोरिया मास्टर भी रेखा रानी प्रेमपाल कृष्ण चंडालिया सुदेश कुमार महिला नेता सरोज देवी ललिता देवी शकुंतला कमला कमलेश ज्ञानोदय देवी आदि ने भी संबोधित किया।

# कोतवाल को डांट रहे चोरों को सुप्रीम कोर्ट ने किया बेनकाब : धर्मवीर भड़ाना

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** भाजपा की जांच एजेंसियां एक साजिश के तहत आम आदमी पार्टी के नेताओं को परेशान कर रही हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल बेदाग़ हैं और भाजपा ने लाख प्रयास के बाद भी जब दिल्ली और पंजाब के चुनावों में मुँह की खाई, तब इन्होने जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करना शुरू कर दिया और एक साजिश के तहत दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और सांसद संजय सिंह को अपनी साजिश का शिकार बना लिया। ये कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा को बेनकाब करते हुए स्पष्ट कहा है कि इलक्टोरल बांड स्कीम आरटीआई एक्ट व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने इलक्टोरल बांड को रद्द करके साफ कहा कि इससे क्विड परो क्यू की झलक दिखती है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि विगत पांच सालों में इलक्टोरल बांड के माध्यम से लिए गए चंदे का पूरा विवरण स्टेट बैंक चुनाव आयोग को 13 मार्च तक दे और चुनाव आयोग इसका पूरा विवरण चुनाव आयोग की वेबसाईट पर सार्वजनिक करे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद पांच सालों में किस-किस पूंजीपति ने किस-किस दल को कितना चंदा इलक्टोरल बांड के माध्यम से दिया है, यह 13 मार्च को पता चल जायगा। वहीं यह भी पता चल जायेगा कि किस-किस पूंजीपति ने इलक्टोरल बांड के माध्यम से चंदा देकर मोदी-भाजपा से क्या-क्या लाभ लिया है। विगत पांच सालों में अकेली भाजपा को ही इलक्टोरल बांड से 6554 करोड़ रूपये की रिश्वत पूंजीपतियों से मिली है। भाजपा ने इस इलक्टोरल बांड का अधिकांश हिस्सा चुनावों में खर्च करने की बजाय कांग्रेस-विपक्ष के विधायकों व सांसदों को खरीदने, भाजपा के कार्यालय व सम्पतियां बनाने तथा भाजपा की विभिन्न राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला ईकाइयों के खातों में यह रिश्वत का पैसा फिक्सड डिपोजिट एकाऊंट में जमा किया है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि फैसले में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि इलक्टोरल बांड के माध्यम से दिया गुप्त दान एकतरह से मनी लांड्रिंग ही है। वहीं सीजेआई जस्टिस चन्द्रचूड ने इस चंदे को कालाधन बताया है। इस प्रकार भाजपा को मिला 6554 करोड रूपये कालाधन है और मनी लांड्रिग का एकदम साफ मामला है। अब ईडी जांच क्यों नही करती? भाजपा को 6554 लाख करोड़ रूपये की यह रिश्वत किसने दी और भाजपा ने इसके एवज में सत्ता दुरूपयोग से क्या-क्या गैरकानूनी काम पूंजीपतियों के हित में किये? इलक्टोरल बांड घोटाला भारत के राजनीतिक इतिहास में सबसे बडा भ्रष्टाचार, घोटाला व रिश्वत कांड है जो मोदी-भाजपा ने सत्ता बल पर किया है। परेशान विपक्षी पारियों के नेताओं को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ये सब देख रही है और आने वाले चुनावों में भाजपा को सबक सिखाने को तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि आजकल कुछ चोर कोतवाल को डांट रहे हैं।



# मोदी-मनोहर सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : मूलचंद शर्मा

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** प्रदेश के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा ने लोगों को बिना सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगवाए केंद्र व प्रदेश की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाकर एक नया आयाम स्थापित किया है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की मनोहर सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। परिवहन मंत्री आज शुक्रवार को विकसित भारत-विकसित हरियाणा के तहत जिला रेवाड़ी में आयोजित विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के बल्लभगढ़ स्थित



जनता कॉलोनी में आयोजित जिला स्तरीय लाइव प्रसारण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा के रेवाड़ी से आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेश को रेवाड़ी में एम्स, रोहतक, हांसी, हिसार, जीन्द रेल लाइन कनेक्टीविटी और गुरूग्राम मेट्रो विस्तार सहित लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की धनराशि की सौगात दी है। रेवाड़ी में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, नायब सिंह सैणी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री ने कहा कि आज हरियाणा के रेवाड़ी जिला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के 22वे एम्स का शिलान्यास किया जा रहा है। इसके उद्घाटन के पश्चात आमजन खासकर दक्षिण हरियाणा व राजस्थान के सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बहुत लाभ प्राप्त होगा। तथा हमारे देश-प्रदेश के युवा जो डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, उन्हें इस सपने को साकार करने में आसानी होगी। इस अवसर पर एसडीएम त्रिलोक चंद, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, रविभगत, अनुराग गर्ग, सुभाष लांबा, ज्ञानेंद्र भारद्वाज दीपांशु अरोड़ा, जगतभूरा लखन बेनीवाल, राकेश गुर्जर, हरेराम प्रधान, प्रताप भाटी, कुलदीप आदि

# फैक्टरी में दुर्घटना में हुई कर्मचारी की मृत्यु के बाद परिजन खा रहे हैं न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें

**फरीदाबाद।** पिछले माह नंगला पूसिया पोस्ट फरह जिला मथुरा निवासी गोपाल की एक फैक्टरी में हुई दुर्घटना में घायल होने के बाद हुई मृत्यु से मृतक के परिवार भारी परेशानी उठा रहे हैं। परिवार में सबसे बड़ा और कमाने वाला होने के कारण घर की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। परिजनों की मांग है कि उन्हें जिला प्रशासन और सरकार फैक्टरी मालिकों से न्याय दिलाए। घटना की जानकारी देते हुए मृतक गोपाल प्रसाद की मां रेनू ने बताया कि गोपाल फरीदाबाद के भाकरी स्थित एक कंपनी में अक्तूबर माह के लगभग नौकरी पर लगा था, जिसका 10 जनवरी को कंपनी प्रबंधन ने उन्हीं की गुजरात के अहमदाबाद में स्थित कंसर्न कंपनी में ट्रांसफर कर दिया। 14 जनवरी को अहमदाबाद में ही हैड्रा मशीन से किसी मशीन को उठाते समय हुए हादसे में गोपाल प्रसाद बुरी तरह जख्मी हो गया जिसे वहां के किसी नवजीवन अस्पताल में भर्ती करा दिया गया तथा परिजनों को घटना की सूचना भी दे दी गई। 19 जनवरी को घायल गोपाल प्रसाद की मृत्यु हो गई। इसके बाद गोपाल प्रसाद का मृतक शरीर उसके भाई और पिता को सौंपते हुए कंपनी प्रबंधन ने वायदा किया कि हाल में वे 5 लाख रुपए आपके परिवार को देना चाहते हैं आप फरीदाबाद में जानकार व्यक्ति के खाते में पैसा डलवा सकते हैं। इस पर बातचीत कर गोपाल प्रसाद के पिता ने अपने साढू जो एसी नगर फरीदाबाद निवासी है से बातचीत कर खाता नंबर लेकर कंपनी प्रबंधन को दे दिया और कंपनी प्रबंधन ने उसके खाते में 5 लाख रुपए डाल दिए। मृतक की मां रेनू का आरोप है कि 5 लाख रुपए देखकर रिश्तेदार की नीयत बदल गई और उसने पैसे देने से मना कर दिया। गोपाल की मां रेनू का कहना है कि मृतक 5 भाई बहनों में सबसे बड़ा था और 6 माह पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। परिवार पर पड़े इस वज्रपात के कारण घर की स्थिति नाजुक हो गई है और हाल ही में उन्होंने अपनी एक भैंस को बेचकर फरीदाबाद कंपनी प्रबंधन के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। रेनू ने मांग की है कि उनके साथ न्याय किया जाए। छोटे से प्लाट में ही चलती हैं तीन कंपनियां-ः एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के भाकरी इंडस्ट्रीयल एरिया में छोटे से प्लाट में ही तीन कंपनियां चलती है। जबकि प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लिए कुछ मानक तय किए हुए हैं उनकी खुली अवहेलना हो रही है। बता दें कि हिंद प्रैस एवं आटोमेशन प्रा.लि. प्लाट नंबर 5ए भाकरी इंडटस्ट्रीयल एरिया, मेकटेक आटो प्रा.लि. प्लाट नंबर 5ए भाकरी इंडस्ट्रीयल एरिया तथा ग्रीन आटोमेटिक प्रेसेस एलएलपी प्लाट नंबर 5ए भाकरी इंडस्ट्रीयल एरिया में चल रही है। जबकि इन पर चले बोर्डो पर भी फोन नंबर एक जैसे हैं। क्या कहते हैं मैनेजर-ः जब इस संवाददाता ने कंपनी में फोन किया तो अपने आपको मैनेजर बताने वाले संजीव कुमार ने बताया कि गोपाल प्रसाद की मृत्यु के बाद उनके परिजनों को 5 लाख रुपए दिए गए थे। मृतक के परिजनों के कहने पर उनके रिश्तेदार के खाते में पैसे तुरंत ट्रांसफर करवा दिए गए थे।

# मेला में मुस्तकीम और असरफ अली के प्योर लैदर के बैग खूब भा रहे हैं पर्यटकों को

**फरीदाबाद।** 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में मुस्तकीम और असरफ अली के प्योर लैदर के बैग पर्यटकों के मन को खूब भा रहे हैं। हरियाणा की तर्ज पर दिल्ली और महाराष्ट्र में भी एक जिला एक उत्पाद योजना से स्थानीय उत्पादों को खूब बढ़ावा मिल रहा है। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में स्टॉल नंबर-453 पर रखे गए प्योर लैदर के बैग पर की गई कलाकारी देखने लायक है। उनके द्वारा बनाए गए उत्पाद में मुख्य रूप से वॉलेट बैग, हैंड बैग, सीलिंग बैग, लैपटाप बैग, ट्राली बैग, टिफन बैग सहित तमाम प्योर लैदर के बैग पर वास्तव में बेहतरीन कलाकारी की गई है। पर्यटक जब उनकी दुकान के सामने से गुजरते हैं तो उन्हें लैदर के विभिन्न प्रकार के बैग अपनी ओर जरूर आकर्षित करते हैं। दिल्ली के मुस्तकीम और असरफ अली ने सयुक्त रूप से बताया कि हरियाणा की तर्ज पर अब दिल्ली और महाराष्ट्र की सरकारों ने भी एक जनपद एक उत्पाद योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित हो रहा है। अब उनके जैसे सभी हस्तशिल्प कलाकारों को एक ही छत के नीचे अपने उत्पाद की मार्केटिंग करने तथा अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य में वे पिछले सात वर्षों से लगे हुए हैं। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार उन्होंने माइनरटी स्कीम के जरिए यह काम मात्र डेढ लाख रुपए के लोन से शुरू किया था। इससे वह सालाना छ- से सात लाख रुपए की आमदनी करने में सक्षम बन गए हैं। उनका कहना है कि लैदर कला हस्तशिल्प में माहिर से चलती है और अब उनके साथ लगभग एक दर्जन लोग इस रोजगार से जुड़े हुए हैं।

# सड़कें और इंटरनेट बंद करके जनता को परेशान कर रही है सरकार-विजय प्रताप

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** किसानों को बदनाम करने के लिए सरकार जानबूझकर सड़कें जाम कर रही है। सड़कें और इंटरनेट बंद करके बीजेपी-जेजेपी साजिश के तहत जनता को परेशान कर रही है ताकि किसानों के खिलाफ नकारात्मक प्रचार किया जा सके। ये कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय प्रताप का। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज है। बीजेपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के तहत (सी-2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफा) एमएसपी देने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन सत्ता में आने के बाद वो अपने वादे से पलट गई। आज किसान इसी वादे को याद दिलाने के लिए आंदोलनरत हैं। लेकिन उनको रोकने के लिए सरकार पूरी तरह असंवैधानिक और गैर-कानूनी तरीके अपना रही है। बाकायदा हाई कोर्ट ने भी इसके लिए सरकार को फटकार लगाई है। क्योंकि बीजेपी-जेजेपी सरकार को इस तरह सड़कें रोकने, उनपर कीलें बिछाने, पत्थर डलवाने और कंक्रीट की दीवार खड़ी करने का कोई अधिकार नहीं है। सरकार बताएं कि किस कानून के तहत उसने सड़कों और इंटरनेट को बंद किया है? विजय प्रताप ने बताया कि कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश का पूरी तरह समर्थन करती है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सी2 फार्मूले पर एमएसपी देने का ऐलान किया है। जब यूपीए सरकार के दौरान यह रिपोर्ट आई थी तो स्वामीनाथन की 201 सिफारिशों में से 175 को कांग्रेस ने लागू करने का काम किया था। इन सिफारिशों के तहत यूपीए सरकार ने किसानों के 72,000 करोड़ रुपए के लोन माफ किए थे। हरियाणा में लगभग 2200 करोड रुपए के कर्ज माफ हुए थे और 1600 करोड़ रुपए के बिजली बिल माफ किए गए थे। पूरे देश में फसली लोन पर ब्याज दर को 11त्न से घटकर 4 प्रतिशत कर दिया गया था और हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने फसली लोन को जीरो कर दिया था। इतना ही नहीं स्वामीनाथन की सिफारिश के मुताबिक ही खेती को पूरी तरह टैक्स मुक्त रखा गया था। कांग्रेस ने कभी भी खाद, बीज, दवाई, ट्रैक्टर, सिंचाई समेत खेती के तमाम उपकरणों पर टैक्स नहीं लगाया। इतना ही नहीं अलग-अलग योजनाओं के तहत खेती संसाधनों पर 100त्न तक की छूट दी जाती थी। विजय प्रताप ने याद दिलाया कि 2005 में कांग्रेस सरकार बनने से पहले हरियाणा में इनेलो-बीजेपी सरकार के दौरान लोन नहीं चुकाने पर किसानों की जमीन कुर्क कर दी जाती थी और किसानों को पकड़ कर जेल में डाल दिया जाता था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसपर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया और किसी भी किसान की जमीन कुर्क नहीं होने दी। किसानों को संरक्षण देने के लिए अधिग्रहण का मजबूत कानून बनाया गया। इसमें प्रावधान किया गया कि किसान की मर्जी के खिलाफ कोई उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं कर सकेगा। लेकिन बीजेपी सरकार ने उस कानून को कमजोर कर दिया।















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338